तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 6 मार्च 2025

12 शहर के सड़कों की दुर्दशा बदलने पैंतीस करोड़ की मिली स्वीकृति



13 बढ़ते तापमान का जलस्त्रोतों पर पड़ा असर, गिरने लगा जलस्तर



[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

# पीडीएस चावल तस्करी का दुर्ग जिले में बड़ा खेल, मालवाहक ऑटो में चावल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

जिले में पीडीएस चॉवल तस्करी का खेल रुकने का नाम नहीं ले रहा है। लगातार तस्करी शहर में हो रही है लेकिन इस पर अंकुश लगने का नाम नहीं ले रहा है। खाद्य विभाग के अधिकारियों की कमीशनखोरी के चलते बेखौफ तरीके से कारोबार जारी है।फूड विभाग ने आटो से भरे चॉवल को जब्त कर पुलगांव थाने में रखवा दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक आटो सीजी 07 सीई 2901 में चॉवल लादकर लेकर राइस मिल जा रहे चालक को पकड़ा गया। जिसमें 22 कट्टा चावल जब्त किया है। आटो चालक का नाम प्रगति नगर कैम्प 1 सुरेश कश्यप है। उसने फुड विभाग को बताया कि उक्त चावल को बैकुंठधाम पानी टंकी के पास से जेवरा सिरसा रोड लेकर जा रहा था। कैंप 1 भिलाई निवासी सत्यम यादव और सूर्या तिवारी ने बुधवार दोपहर चावल से लोड जा रही आटो को चिखली चौक के पास पकड़ा था। इसके बाद दोनों ने पुलिस और खाद्य विभाग दुर्ग को खबर दी। सूचना पर खाद्य अधिकारी टीएस अत्री ने टीम को भेजा जो चावल को जब्त किया। इसके बाद सूचना देने वाले सत्यम यादव का बयान लिया गया चॉवल सूरज साव का होना बताया है। जिसे राइस मिल में बिकने के लिए जा रहा था।


22 कट्टा चॉवल जब्त

**चॉवल जब्त किया गया है**

आटो मिले 22 कट्टा चॉवल जब्त किया गया है। जिसका सेम्पल रायपुर नान को भेजा गया है। जांच में पुष्टि हो जाएगा कि चॉवल पीडीएस है या नहीं। जब्त चॉवल में दो लोगों का नाम सामने आया है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई किया जाएगा। - **टीएस अतरी** खाद्य अधिकारी दुर्ग

### चावल मामले में दो के नाम आए

आटो पकड़ने वाले दोनों युवको ने आटो चालक सुरेश कश्यप से वीडियो बनाते हुए पूछने पर आटो में लोड चावल सूरज साव का होना बताया है। लेकिन बाद में खाद्य विभाग को दिए बयान में बदल गया। उसने कहा कि पकड़ा गया चावल डबलू का होना स्वीकार किया। जबकि सूरज साव से पूछने पर उसने चावल उसका होने से इंकार कर दिया। बल्कि चावल डबलू का होना बताया है। जबकि डबलू ने बताया कि उसका चावल पकड़ा गया होता तो वो घर में सोता नहीं उसे छुड़ाने गया होता। चावल छुड़ाने के लिए सूरज साव गया था। वो चावल सूरज साव का है। जो भी आरोप लगा रहे है गलत है।

### बड़े तस्करों पर खाद्य विभाग की चुप्पी

खुर्सीपार क्षेत्र में पीडीएस चॉवल की तस्करी में त्रिदेवी उर्फ सोनू का नाम प्रमुखता से आता रहा है। लेकिन खाद्य विभाग की तगडी सेटिंग के कारण आज तक उस पर मेहरबानी कर बैठी है। उसका छुटभैया बंटी पांडे उसे संरक्षण दे रखा है। दोनों की जोड़ी ने गरीबों के चॉवल की तस्करी में जमकर चांदी काट रहें है। खाद्य विभाग के नियम विपरित काम करने वाले उक्त दोनो लोगों पर अर्से से मेहरबानी खाद्य विभाग की बनी हुई है। हरिभूमि ने दोनों के बारे में जिले के खाद्य विभाग को आईना दिखाने का प्रयास किया लेकिन विभाग चुप्पी साधे बैठने से कई संदेह को जन्म दे रहा है।

**खबर संक्षेप**

### दुर्ग के नए कलेक्टर होंगे अभिजीत सिंह



दुर्ग। राज्य शासन द्वारा दुर्ग कलेक्टर के पद पर विशेष सचिव रहे अभिजीत सिंह को पदस्थाना दी हैं। वे कांकेर और नारायणपुर के बाद दुर्ग में उनकी तीसरी कलेक्टरी होगी। बुधवार को आदेश जारी होने के बाद वे गुरूवार को ज्वाइन भी कर लेगें। कलेक्टर के रूप में 2012 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अभिजीत सिंह का तीसरा जिला होगा। वे कांकेर जिले में 6 महीने तक कलेक्टर रहे हैं। दुर्ग जिले की कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी केंद्र शासन में प्रतिनियुक्ति पर जा रही है। अभिजीत सिंह आईएएस 2012 बैंच के अफसर हैं। वे विशेष सचिव, गृह एवं जेल विभाग से स्थानांतरित होकर कलेक्टर दुर्ग बनेगें। बीटेक के बाद आईएएस बने हैं। वे छत्तीसगढ़ में रायगढ़ जिले के घरघोड़ा एसडीएम रहे। इससे पहले वे कोंडागांव जिले के जिला पंचायत सीईओ रहे। वे रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक रहें। रायपुर विकास प्राधिकरण एनआरडीए के सीईओ रहे। संचालक भू अभिलेख एवं संचालक शासकीय मुद्रण एवं लेखन सामग्री के पद पर रहे। नारायणपुर व कांकेर जिले के कलेक्टर रहे।

### छसबल खेलकूद प्रतियोगिता का समापन आज

**भिलाई**। मध्य रेंज अंतर वाहिनी छसबल खेलकूद प्रतियोगिता 2025 का समापन समारोह 6 मार्च गुरुवार को शाम 5 बजे आयोजित किया गया है। समापन समारोह के मुख्य अतिथि उप पुलिस महानिरीक्षक मध्य रेंज अरविंद कुमार कुजूर होंगे।

### भाजपा को मिला वाकओवर, सरस्वती बनी जिला पंचायत अध्यक्ष

# भाजपा विधायक कोर्सेवाड़ा का आशीर्वाद लेने गई कांग्रेस प्रत्याशी सोनवानी गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

कांग्रेस से जिला पंचायत अध्यक्ष की उम्मीदवार उषा सोनवानी ऐन नामांकन दाखिल करने के पहले मैदान छोड़ गायब हो गई। जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव कराने पूरी तैयारी के साथ कांग्रेस संगठन के बडे नेता दमखम दिखाने पहुंचे थे। लेकिन ऐन समय में कांग्रेस उम्मीदवार उषा सोनवानी गायब हो गई। हाल यह रहा कि, भाजपा प्रत्याशी सरस्वती बंजारे को वाकओवर मिला और वे निर्विरोध जीत गई। इधर कांग्रेस नेताओं की जमकर फजीहत हो गई और उन्हें मूंह छुपाकर निकलना पडा।

कांग्रेस उम्मीदवार उषा सोनवानी का कहना हैं कि, भाजपा के लोगों द्वारा उन पर चुनाव में खडे नही होने का पारिवारिक दबाव बनाया। कांग्रेस की उम्मीदवार उषा सोनवानी का कहना है कि, उन्होने जिलाध्यक्ष निर्मल कोसरे को विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा से मिलने जाने की जानकारी दी थी। उन्होने उन्हें जाने की भी अनुमति दी थी। उषा सोनवानी ने हरिभूमि को बताया कि, वे आज सुबह सात बजे करीब चुनाव के पहले भाजपा के अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा से मिलने पहुंची थी। उन्होने बताया कि, वे उनका आशीर्वाद लेने जाने की जानकारी भी जिलाध्यक्ष को दी थी। इस मामले में जिलाध्यक्ष निर्मल कोसरे ने बताया कि, उन्हे किसी भी तरह की जानकारी नही दी गई थी। उनका कहना है कि, भाजपा के लोगों ने उनके उम्मीदवार का अपहरण कर लिया था। उनका कहना है कि, खुद उनके बेटे ने मोहननगर थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई हैं। उम्मीदवार के इस रवैय्ये को लेकर कांग्रेस नेताओं की जमकर फजीहत हुई है। भाजपा से कांतिलाल बोथरा और नितेश साहू जनपद और जिला पंचायत के चुनाव में पूरी तरह सक्रिय रहे थे।

**सोनवानी ने कहा जिला अध्यक्ष निर्मल को थी जानकारी**



### भाजपा को मिला खाली मैदान, निर्विरोध जीत

जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के लिए आज चुनाव हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष पद एससी महिला के लिए आरक्षित है। जिसके चलते भाजपा से सरस्वती बंजारे का नाम पहले ही तय था। एससी सीट के चलते कांग्रेस से भी उषा सोनवानी अकेली उम्मीदवार थी। नामांकन दाखिल के दौरान कांग्रेस की उम्मीदवार गायब हो गई। जिससे नेताओं के बीच हडकंप मचा रहा और भाजपा के सरस्वती बंजारे के निर्विरोध जीत की घोषणा कर दी गई।

### उपाध्यक्ष पद के लिए भी दगाबाजी

कांग्रेस ने उपाध्यक्ष के लिए जिला पंचायत क्षेत्र नौ के सदस्य देवेन्द्र चंद्रवंशी को मैदान में उतारा था। जीत के लिए कांग्रेस इस बात से आश्वस्त थी कि, उनके पांच सदस्य को वोट मिलना तय है। लेकिन अध्यक्ष के चुनाव के बाद उपाध्यक्ष के वोटिंग में भी उषा सोनवानी का राह नेता देखते रहे और वे नही पहुंची। ऐसे में पांच सदस्यों का समर्थन मिलने के बजाय कांग्रेस के उम्मीदवार को सिर्फ चार वोट मिले, वहीं भाजपा के उपाध्यक्ष उम्मीदवार पवन शर्मा ने सात वोट के साथ जीत हासिल कर ली। इस तरह उषा सोनवानी की दगाबाजी से उपाध्यक्ष उम्मीदवार को भी हार का सामना करना पड गया।

### जिलाध्यक्ष ने ही संभाल रखी थी कमान

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की कमान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष निर्मल कोसरे ही संभाल रखे थे। उन्होने बताया कि, पिछले दिनों दुर्ग के राजीव भवन में पर्यवेक्षक सुबोध हरितवाल की मौजूदगी में अध्यक्ष के लिए उषा सोनवानी को उम्मीदवार घोषित कर दिया था। चुनाव के पहले जिला पंचायत में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेन्द्र साहू, पूर्व सभापति राजेश यादव, जयंत देशमुख सहित बडे नेता यहां कुर्सी लगाकर जमे रहे। लेकिन ऐन समय में नेताओं की फजीहत हो गई। जिलाध्यक्ष निर्मल कोसरे का कहना है कि, वे उषा सोनवानी से संपर्क भी किए, लेकिन उनका फोन बंद आया। उषा सोनवानी को लेकर उन्होने कहा कि, वे पार्टी से निष्कासन की कार्यवाही करेगें। उन्होने कांग्रेस उम्मीदवार को भाजपा नेताओं द्वारा अपहरण किए जाने का आरोप लगाया हैं।

### भाजपाईयों ने मनाया जीत का जश्न


सरस्वती बंजारे

उपाध्यक्ष के लिए कांग्रेस के देवेंद्र चंद्रवंशी को चार और पवन शर्मा को साथ मत मिले। जिससे पवन शर्मा उपाध्यक्ष पद के लिए विजई हो गए हैं। इस तरह अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के दोनों प्रत्याशी भाजपा के बने। अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के निर्वाचित होने के बाद दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने जिला पंचायत पहुंचकर अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को बुके भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दिया। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा पर भरोसा किया है। जिसके चलते पंच से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा सरकार आई है।

### मुझ पर दबाव

जिलाध्यक्ष को मैने विधायक डोमनलाल कोर्सेवाडा से आशीर्वाद लेने जाने की जानकारी दी थी। यहां भाजपा ने मुझ पर पारिवारिक दबाव बनाया। तीन घंटे तक मुझे जाने नही दिया। परिजनों ने थाने में अपहरण की शिकायत भी की हैं।
- **उषा सोनवानी** कांग्रेस उम्मीदवार, जिला पंचायत अध्यक्ष

### भाजपा का षडयंत्र

कांग्रेस के उम्मीदवार को भाजपा के लोगों ने अपहरण कर लिया था। उषा सोनवानी के बेटे ने भी थाने में अपहरण की शिकायत की हैं। हमारे उम्मीदवार पूरी रात हमारे निगरानी में थे। लेकिन सुबह उम्मीदवार के गायब होने में भाजपा का हाथ हैं। - **निर्मल कोसरे,** जिलाध्यक्ष, कांग्रेस

# रिंगनी के बड़े जुए फड़ से आठ जुआरी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

लंबे समय से चल रहे जुए के फड में पुलिस ने दबिश देकर आठ जुआरियो को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि भिलाई तीन पुलिस और एसीसीयू की टीम ने ग्राम रिंगनी नाला के पास दबिश दी। जहां से पुलिस ने 8 जुआरियों में गया नगर दुर्ग निवासी पंकज सोनी, राम नगर दुर्ग संत कुमार सोनी, पचरीपारा दुर्ग श्रवण ओडवानी, सुभाष नगर कसारीडीह दुर्ग शंकर लाल चौधरी, वार्ड 6 सब्जी मार्केट अरिहंत वस्त्रालय अहिवारा विजय उर्फ विज्जू जैन , ग्राम उमता सतनामी पारा भिलाई तीन आकाश जांगड़े, ग्राम जेवरा सिरसा वार्ड 8 मुरली साहू, जयंती नगर सिकोलाभाठा दुर्ग नीरज जंघेल को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के पास से पुलिस ने नगदी 2 लाख 21 हजार रुपए नगद, 5 बंडल ताश पत्ती, 11 मोबाइल समेत एक एक्सयूवी कार सीजी 07 सीई 5203 जप्त किया है। पुलिस को जुआरियों ने बताया कि जुए की फड़ ग्राम पथरा भिलाई 3 निवासी निर्मल भारती और उमदा के पंकज रात्रे द्वारा चलाया जा रहा था।

### गुर्गो को 500 रुपए देते थे

जुए की फड़ में कहीं पुलिस रेड ना मार दे इसके लिए निर्मल और पंकज ने जगह जगह अपने गुर्गे तैनात कर रखे थे। खबर है कि यह गुर्गे निखिल,, मानस, साहिल, आर्यन, गुलशन नामक युवकों को इसके एवज में 500-500 रुपए दिया जाता था। ये युवक हर गली चौक चौराहे पर गाड़ी लेकर तैनात रहते थे। जैसे ही पुलिस या अन्य संदिग्ध किस्म का कोई दिखता फोन कर इसकी जानकारी उन लोगों तक दिया जाता था।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

# मुक्ता सिनेमा में हुई लूट मामले में एक आरोपी भोपाल से पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

तीन पूर्व मुक्ता सिनेमा में हुए लूट की वारदात मामले में पुलिस ने एक आरोपी को भोपाल से गिरफ्तार किया है। जिसे भिलाई तीन न्यायालय में पेश किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम सुनील सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया है। आरोपी पहले शांति नगर भिलाई तीन में स्थित मुक्ता सिनेमा में मैनेजर के रुप में पदस्थ था। उसे सिनेमा के लॉकर के चाबी की जानकारी उसे थी। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। आरोपी सुनील सिंह को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड में लिया गया है। फरार दुसरे आरोपी की तलाश में पुलिस की टीम रवाना हुई है। पुष्पा 2 फिल्म मुक्ता सिनेमा में लगी थी। सभी जगह हाउसफुल चल रही थी। सुनील के पास जॉब ना होने से वो आर्थिक तंगी से परेशान था। इसलिए उसने अपने दोस्त के साथ प्लान तैयार कर मुक्ता सिनेमा को लूटने की साजिश रची। आरोपी भोपाल से ट्रेन में बैठकर दुर्ग पहुंचा। उसके बाद बाइक से अपने दोस्त के साथ वहां पहुंचा और लूट की वारदात को अंजाम देकर भोपाल लौट गया। 9 दिसंबर 2024 को सिनेमा में लूट की वारदात को अंजाम दिया था। छावनी सीएसपी हरीश पाटिल के मुताबिक बाइक में सवार दो नकाबपोश मुक्ता ए-2 सिनेमाघर के भीतर प्रवेश किए थे। उस समय पुष्पा 2 फिल्म हाउसफुल चल रही थी। रकम को लूटने के लिए दो आरोपी हथियार के साथ टॉकीज में प्रवेश किए थे। सुरक्षा कर्मी नोहर देवांगन को चाकू की नोक दिखाकर मारपीट कर कमरे में बंद कर पास से लॉकर की चाबी लेकर 1 लाख 34 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए थे।

- दूसरे की तलाश में टीम रवाना
- एसीसीयू व भिलाई तीन पुलिस की कार्रवाई

### सूने मकान में चोरी

**भिलाई**। सूने मकान से अज्ञात ने सामान पार कर फरार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने धारा 305(ए) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जवाहर नगर निवासी दुर्गा सोनी ने 13 फरवरी को ससुराल परदेशी चौक आई हुई थी। पति के मौत होने के कारण रुकी हुई थी। 4 मार्च को वापस अपने घर पहुंचने पर मकान का दरवाजा टूटा पड़ा मिला।



खबर संक्षेप



## कन्या महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान

दुर्ग। शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा पीजीडीसीए के छात्राओं के लिए साफ्टवेयर डेव्हलेपमेंट लाईफ साइकल (एसडीएलसी) पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में किया गया। इस आयोजन में रिसोर्स पर्सन डॉ. एसके मीरी, सहायक प्राध्यापक, सेंट थॉमस कॉलेज रूआबाँधा भिलाई थे। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विभागाध्यक्ष गणेशराम नायक ने रिसोर्स पर्सन डॉ. एस.के. मीरी का परिचय देते हुए छात्राओं को संक्षिप्त एसडीएलसी बारे में बताया गया। अगली कड़ी में रिसोर्स पर्सन डॉ. एस. के. मीरी ने पीपीटी के माध्यम साफ्टवेयर डेवलपमेंट करने के लिए विभिन्नचरणों की विस्तृत जानकारी दिए। इसे छात्राओं को प्रोजेक्ट डेवलपमेंट करने में मदद मिली। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष गणेशराम नायक, सहायक प्राध्यापक जागृत ठाकुर, श्रीमती नीकू साहू एवं कु. प्रीति गुप्ता तथा छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।

### घोषणा: विधायक के प्रयास से सड़कों को दुरुस्त करने 35 करोड़ मिले

# शहर के सड़कों की दुर्दशा बदलने पैंतीस करोड़ की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किये बजट में दुर्ग को कई सौगात मिली है। दुर्ग शहर के 17 प्रमुख सड़क को दुरुस्त करने और धमधा रोड किनारे दोनों नाली बनाने 35 करोड़ राशि की बजट में स्वीकृति मिली है। अब दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछेगा। विधायक गजेन्द्र यादव की पहल से इतने वृहद स्तर पर सड़क बनाने पहली बार शासन से राशि स्वीकृत हुई है।

सड़क की दशा बेहतर होने से नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। स्वीकृत बजट की राशि से विभिन्न सड़क का नवीनीकरण, सड़क चौड़ीकरण तथा कई स्थान पर पहुंच मार्ग बनाया जाएगा। दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों की मांग के अनुरूप विधायक गजेन्द्र यादव ने विकास कार्य कराने बजट में स्वीकृत दिलाने लगातार प्रयासरत थे। आने वाले वर्ष में शहर की सभी सड़के दुरुस्त हो जाएंगी।

वित्तमंत्री ओपी चौधरी संसद में बजट की जानकारी देते हुए



### वित्तमंत्री का विधायक ने जताया आभार

विधायक गजेंद्र यादव ने बताया कि, बजट में समाज के अंतिम व्यक्ति के सुविधा का ध्यान रखा गया है। इस बजट से विकसित भारत की झलक दिख रही है। अमृत काल की नींव और ग्रेट सीजी थीम को बल मिलेगा। यह देश में स्वर्णिम छत्तीसगढ़ के निर्माण मदद कारी सिद्ध होगा। सरकार द्वारा प्रस्तुत किये गए विकासउनमुखी बजट के लिए विधायक श्री यादव ने वित्त मंत्री ओपी. चौधरी से भेंट कर आभार जताया।

### शहर के इन सडकों का होगा सुदृढ़ीकरण

सड़को के सुदृढ़ीकरण के लिए बजट में स्वीकृति मिलने से शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव से दुर्गवासियो को राहत मिलेगी। स्वीकृत राशि से शहर के लगभग 44 किमी सड़क दुरुस्त होगी।

### इनका होगा सुदृढ़ीकरण

- दुर्ग-धमधा-बेमेतरा मार्ग में सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण।
- गुरुनानक नगर से मालवीय चौक तक सड़क निर्माण।
- एफसीआई गोदाम से उरला तक सड़क निर्माण।
- पांच बिल्डिंग कॉलोनी में पहुंच मार्ग का चौड़ीकरण
- चंडी मंदिर से नयापारा चौक तक चौड़ीकरण
- मिनीमाता चौक से ठगड़ा डेम तक फोरलेन लेन सड़क
- मालवीय चौक से जेल तिराहा तक फोरलेन सड़क
- बघेरा रेलवे क्रासिंग से परेतिन चौक तक पहुंच मार्ग
- उरला फाटक से विजय नगर तक पहुंच मार्ग
- चंडी मंदिर से उरला मार्ग तक मजबूतीकरण
- जल परिसर से रेलवे स्टेशन तक सड़क निर्माण
- साइंस कॉलेज से रेलवे स्टेशन तक केनाल रोड का चौड़ीकरण
- महाराजा चौक से बोरसी उमरपोटी मार्ग तक पहुंच मार्ग
- टेम्पो स्टैंड से पोटिया बस्ती तक चौड़ीकरण कार्य सहित 17 सड़क को दुरुस्त होगी।

# आठवीं बार महिला के हाथों जिला पंचायत की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग





■ नौ महिला और तीन पुरूष जीतकर आए

जिला पंचायत में अध्यक्ष की कमान इस बार फिर महिला के हाथों होगी। इससे पहले सात बार महिला अध्यक्ष रही हैं। जिला पंचायत का यह आठवां चुनाव है। जिसमें अध्यक्ष पद पर भाजपा की सरस्वती बंजारे सुसोभित हुई है। पंचायतीराज गठन के बाद जिला पंचायत में छः चुनाव हो चुके है। पिछले कार्यकाल में अध्यक्ष रही शालिनी रिवेन्द्र यादव की निधन होने के बाद पुष्पा यादव ने सात बार कमान संभाली थी। इस कार्यकाल में दो महिला अध्यक्ष रही है। वही अब सातवां जिला पंचायत के चुनाव में आठवां अध्यक्ष भी महिला होगी और इन्हें के कमान में जिला पंचायत का सदन होगा। जानकारी अनुसार पहला जिला पंचायत अध्यक्ष कमला बघेल रहे, उसके बाद धनुष जायसवाल, तीसरा झमित साहू, चौथा जीवन लाल वर्मा, पांचवा माया बेलचंदन, छठवां शालिनी रिवेन्द्र यादव और सातवां पुष्पा यादव व वर्तमान में आठवां महिला अध्यक्ष भाजपा की सरस्वती बंजारे ने जीत हासिल की हैं।

### इस बार तीन पुरूष, पिछले बार थे पांच

जिला पंचायत के बारह सीट में भले ही सात सीट महिला के लिए आरक्षित थी। लेकिन अन्य सीट में मुक्त होने के चलते चुनाव लडने का विकल्प मिला और बारह सीट में नौ सीट महिला प्रत्याशी जीतकर आई है। जबकि तीन पुरूष प्रत्याशी जिला पंचायत में शामिल होगें। पिछले बार पांच पुरूष और महिला अध्यक्ष के साथ इनकी संख्या सात थी। इस बार बढकर नौ हो गई हैं।

### जिला पंचायत की बारह सीट में छः भाजपा

जिला पंचायत के बारह सीट में क्षेत्र क्रमांक एक से पवन शर्मा भाजपा, दो दानेश्वर साहू कांग्रेस, तीन उषा सोनवानी कांग्रेस, चार सरस्वती बंजारे भाजपा, पांच जितेन्द्र यादव भाजपा, छः प्रिया साहु (बागी) भाजपा, सात आशा विक्की मिश्रा कांग्रेस, आठ श्रध्दा साहु भाजपा, नौ देवेन्द्र चंद्रवंशी कांग्रेस, दस नीलम चंद्राकर भाजपा, ग्यारह नोमिन ठाकुर कांग्रेस, बारह कल्पना साहु भाजपा हैं।

# दल ने किया 26 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ जिले में 5 उड़नदस्ता दल है गठित

माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी 10वीं परीक्षाके अंतर्गत 5 मार्च को आयोजित द्वितीय भाषा अंग्रेजी विषय पेपर के दौरान जिले के 5 उड़नदस्ता दल द्वारा 26 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान किसी भी केन्द्र में अनुचित साधन का उपयोग नहीं पाया गया। जिला शिक्षा अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा द्वारा 6 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें 141022 पाउवारा, 141014 पुरई, 141035 डुण्डेरा, 141015 मरोद टैंक, 141010 रिसाली, 141016 रूआबांधा शामिल है। प्रभारी अधिकारी सीमा नायक द्वारा 08 जिसमें 141025 मचान्दुर, 141027 मतवारी, 141018 अण्डा, 141026 निकुम, 141054 तिरंगा, 141032 थनौद, 141034 अंजोरा ख, 141033 रसमड़ा शामिल है। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव द्वारा 7 परीक्षा केन्द्रों जिसमें 141038 महात्मा गांधी स्कूल, 142215 महावीर जैन, 141003 तिलक कन्या दुर्ग, 141081 तकियापारा, 142001 तुलाराम, 142062 सनसाइन स्कूल, 142010 खालसा पब्लिक स्कूल शामिल है। इसी तरह विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पाटन प्रदीप कुमार महिलांगे द्वारा 3 परीक्षा केन्द्रों 141150 जमराव, 141166 सेजेस अमलेश्वर, 141139 झीट तथा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धमधा कैलाश साहू द्वारा 2 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। जिसमें 141101 अहेरी, 141109 देवरी शामिल है।

# मानव जीवन, गुरु, अच्छा कुल बहुत ही पुण्य से मिलता है -मुनि



दुर्ग। हम और आप सभी को मनुष्य जीवन ही नहीं मिला बल्कि अच्छे बुरे का भेद करने के लिये अच्छी बुद्धि मिली जिसे पाकर हम और आप सभी धर्म ध्यान कर रहे है, अपने हित अहित का निर्णय करने के लिये सक्षम है। निर्यापक श्रमण मुनि समतासागर महाराज ने प्रातःकालीन प्रवचन सभा में व्यक्त किए। मुनि श्री ने निगोद से लेकर मनुष्य जीवन तक की इस यात्रा का वर्णन सुनाते हुये कहा कि हजारों वर्षो तक तो निगोद में पड़े रहे जैसै तैसे निगोद से निकले और एक इंद्रिय हुये जंहा पर मात्र स्पर्श इंद्रिय थी, तत्पश्चात दो इंद्रिय हुये और जिव्हा मिली तथा अंदर की आबाज बाहर निकली फिर तीन इंद्रिय बने तो हमें सूंघने की शक्ती के रुप में नासिका मिल गयी और फिर चार इंद्रिय बने तो सुनने के लिये कान मिल गये और पंच इंद्रिय बने तो देखने के लिये आंख मिल गयी और जब संज्ञी पंचेन्द्रिय बने तो हमें अच्छे बुरे की पहचान हो गई और आज यंहा पर बैठकर पंच परमेष्टी की आराधना कर रहे है। मुनि श्री ने कहा मोह से आच्छादित एवं ढंका हुआ ज्ञान अपने स्वभाव को प्राप्त नहीं होने देता उन्होंने सुकुमाल मुनि की कथा सुनाते हुये कहा कि जब तक महलों में रहे मोह के वशीभूत रहे, वह इतने नाजुक थे कि उनको सरसों का दाना भी चुभता था, लेकिन जैसे ही उनको अपनी मृत्यु का भान हुआ तो सीधे दीक्षा लेकर वन को निकल पड़े और जंगल में अपनी आत्मा में ऐसे लीन हुए।

प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया गुरुदेव आचार्य विद्यासागर के समाधि स्थल चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ़ से निर्यापक श्रमण मुनि समतासागर तथा मुनि पवित्र सागर ससंघ, सहित सभी 46 माताजी का सम्मेद शिखर तीर्थ की ओर विहार जारी है।

# निगम परिसर के भीतर शराब पीने पर जाएगी सीधे नौकरी- महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

■ पकड़े जाने पर निलंबित नही सीधे जाएगी नौकरी



नगर पालिक निगम मोतीलाल वोरा सभागार में महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में सोमवार शाम पार्षदो एवं नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों की बैठक के दौरान जहाँ-जहाँ पाइप लाइन लीकेज जैसी समस्यों को तत्काल सुधार करने के निर्देश दिये। स्वच्छता को लेकर पूरे 60 वार्डो में बेहतर साफ सफाई होनी चाहिए। सफाई व्यवस्था में लापरवाही कोताही बर्दाश्त नही होगी। महापौर ने कहा नागरिको के द्वारा निगम में अपने कामो को लेकर आने पर उन्हें सही मार्गदर्शन करें एवं इधर उधर न भटकाए, नागरिको का सहयोग व उनसे सौहाद्र पूर्ण संवाद करें। महापौर ने कहा किसी भी कामो को लेकर नागरिको से नही रिश्वत लेने जैसे शिकायत नही आनी चाहिए। नही तो उन पर भी होगी निलंबित की कार्रवाही। महापौर ने कहा मैं शाम को औचक निरीक्षण करूंगी। शाम 6 बजे के बाद अधिकारी, कर्मचारी शराब पीते पकड़े जाने पर निलंबित नहीं सीधे नौकरी जाएगी और ठेकेदार अगर ऐसा कृत करता हुआ पाया जाता है तो उसका ठेका निरस्त कर दिया जाएगा।

### 26 से शुरू होगी छग ओपन स्कूल 10वीं-12 वीं की परीक्षा

दुर्ग। छत्तीसगढ़ ओपन स्कूल दसवीं.बारहवीं की परीक्षा 26 मार्च से शुरू हो रही है। यह परीक्षा 26 मार्च से 21 अप्रैल तक चलेंगी। ओपन स्कूल की परीक्षा को लेकर तैयारी की जा रही है। छत्तीसगढ़ ओपन स्कूल परीक्षा के लिए करीब 83 हजार छात्रों ने आवेदन किया है। वहीं प्रदेश में 250 से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए जाने की भी संभावना है। ओपन स्कूल की परीक्षा साल में तीन बार हो रही है। पिछले साल से ही यह बदलाव किया गया है। पहली परीक्षाबारहवीं का पेपर 26 मार्च से 21 अप्रैल तक होगा। इसी तरह दसवीं की 27 मार्च से 17 अप्रैल तक होगी। दूसरी परीक्षा जुलाई-अगस्त और तीसरी परीक्षा नवंबर में अयोजित की जाएगी । हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा एक ही पाली में सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे तक होगी।

### महिला कार्मिकों के लिए नराकास स्तरीय तात्कालिक भाषण स्पर्धा कल

भिलाई। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 7 मार्च को भिलाई इस्पात संयंत्र के राजभाषा विभाग द्वारा महिलाओं के लिए 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति स्तरीय तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करेगी । प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति भिलाई-दुर्ग' के सदस्य संस्थानों में कार्यरत नियमित महिला कर्मचारी (कर्मचारी एवं अधिकारी) पात्र हैं। प्रतियोगिता बीएसपी के मानव संसाधन विकास केन्द्र के प्रथम तल सभागार में 2 बजे आरंभ होगी। इच्छुक संस्थान प्रमुख से प्रविष्टि प्रपत्र अग्रेषित करवा कर 'नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई-दुर्ग' को पर ई-मेल के माध्यम से भेजना होगा। प्रविष्टि प्रपत्र भेजने की अंतिम तारीख 6 मार्च को दोपहर 12 बजे तक है।

### 13 मई से सालाना उर्स पाक दुर्ग में आयोजित

दुर्ग। प्रकाश देशलहरा की अध्यक्षता में सालाना उर्स पाक कमेटी की बैठक हुई। जिसमें आगामी उर्स को लेकर निर्णय लिए गए। आय-व्यय की जानकारी भी दी गई। श्री देशलहरा ने मई 2025 में उर्स पाक कार्यक्रम के तारीख की घोषणा की है।

बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद





भिलाई। शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I Vidyotma Ojha W/o. Amar kumar Ojha resident of plot no- 05, Dinesh housing complex, Radhika Nagar, Supela Bhilai, Dist. Durg, C.G 490023 have changed my old name Vidyotama kumari W/o Amar kumar Ojha, so in future should be recognized by my new name that is Vidyotma Ojha W/o Amar kumar Ojha in all Government and other documents.

Vidyotma Ojha
Plot no.-05, Dinesh Housing Complex, Radhika Nagar, Supela Bhilai, Dist. Durg, CG-490023



खबर संक्षेप



## नहीं रही परिवार में एकता व हृदय में देशप्रेम की भावना: प्रमोद

**अंडा।** श्रीविष्णु धाम महायज्ञ ओटेबंद बगीचा में गत दो दिनों से चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण में आज तृतीय दिवस की कथा सुनाते हुए वृंदावन से आए कथावाचक प्रमोद कृष्ण दास ने परिवार प्रबंधन पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि आज 2025 में हमारे देश में खूब प्रगति हो रही है। हम खूब धन अर्जित कर रहे हैं सुख सुविधाओं की कमी नहीं है किंतु हम दो चीजों को पीछे छोड़ आए हैं। हमारे पास सब कुछ होते हुए भी परिवार में एकता और युवाओं के हृदय में राष्ट्रीयता अथवा देश प्रेम की भावना समाप्त होती जा रही है। हमारे हृदय में या तो देश प्रेम देश के प्रति निष्ठा दिखती नहीं और अगर दिखती है तो सिर्फ दिखावे के लिए। राष्ट्र प्रेम के नारे तो हम लगाते हैं किंतु उसका पालन नहीं करते। दूसरी तरफ हमारे परिवार विखंडित होते जा रहे हैं। यहां हर किसी को अपनी गोपनीयता चाहिए।

निधन

### कम्बाल माणिक्यं



**भिलाई।** सेक्टर-7 भिलाई निवासी कम्बाल तिरुपति रावु गारू की पत्नी कम्बाल माणिक्यं (58) का मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे एल. गीता व गौरी की मां थीं।

### शेख अज़ीमुल्ला



**भिलाई-तीन।** गांधी नगर भिलाई-तीन निवासी शेख अज़ीमुल्ला (65) का बुधवार को इंतकाल हो गया। उन्हें शाम को असर की नमाज के बाद गांधी नगर कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। वे अपने पीछे दो बेटों शेख शफीउल्ला और शेख समीउल्ला सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# नगर के विकास व समृद्धि के लिए मिलकर कार्य करने का लिया संकल्पः मीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

बुधवार को नगरपालिका परिषद कुम्हारी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मीना वर्मा सहित दोनों दलों के 24 पार्षदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। शपथ अनुविभागीय अधिकारी महेश सिंह राजपूत ने दिलाया। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला बाजार चौक वार्ड क्रमांक 7 में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए।

उन्होंने पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा एवं 24 पार्षदों को बधाई दी। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि नगर के विकास में सभी जनप्रतिनिधि निष्पक्षता पूर्वक एवं जनहित में उत्कृष्ट कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर की सरकार कुम्हारी की तरक्की एवं विकास के वादे पूरे करने के लिए कार्य करेगी हमारा संकल्प है कि नगर सुंदर व स्वच्छ बने। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, सांसद विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल , पूर्व संसदीय सचिव छग शासन डॉ. सियाराम साहू, ,जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक एवं संजय बघेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी शामिल हुए। शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष मीना वर्मा ने चर्चा के दौरान कहा कि नगर के विकास को प्रथम पंक्ति में रखते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं को कुम्हारी नगर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं।

**नपा परिषद में नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह**





**इन्होंने ग्रहण किया शपथ**

शपथ लेने वाले पार्षदों में भाजपा के अश्वनी देशलहरे, डिकेश पटेल, उमाकांत साहू, हरिदास वैष्णव, रितिका यादव, उमेश्वरी साहू, प्रवीण राव, लता साहू, हेमलता निषाद, लोकेश कुमार साहू , ममता साहू, अनुराग गुप्ता एवं ओंकार प्रसाद मार्कण्डेय शामिल हैं वहीं कांग्रेस से ललिता ध्रुव, विकास सोनकर, योगेश्वर पटेला, लता खैरवार, प्रमोद सिंह राजपूत, लेखराम साहू, डिकेन्द्र साहू, ओमनारायण वर्मा, यूजेन्द्र साहू, निर्मला कुर्रे एवं जानकी ध्रुव शामिल हैं। कार्यक्रम के अंत में मुख्य नगरपालिका अधिकारी नेतराम चन्द्राकर ने आभार व्यक्त किया।

**समस्या : अभी गर्मी शुरू भी नहीं हुई ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की किल्लत**

# बढ़ते तापमान का जलस्त्रोतों पर पड़ा असर, गिरने लगा जलस्तर

संजय साहू ▶▶| अंडा

*अभी गर्मी शुरू भी नहीं हुआ है अभी से असर भूजलस्तर भी पड़ने लगा है। वर्तमान में पारा सामान्य है लेकिन दोपहर में तापमान अधिक होनें से जलस्तर नीचे आ गया है। जिससे शहर सहित ग्रामीण अंचल में तालाब, कुओं का पानी धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। भूजल स्तर में गिरावट का असर जलस्त्रोतों पर भी नजर आने लगा है। जिसके कारण हैंडपंप साथ छोड़ने लगे हैं। भूजल स्तर गिरने का आंकलन करने पर देखा जाए तो पहले जिस हैंडपंप पर 80 फीट में पानी था, वह अब 100 व 120 फीट के करीब पहुंच गया है। कुछ स्थानों ऐसे भी हैं जहां 150 फुट तक पानी लेवल में नहीं आ पा रहा है। क्षेत्र के आम जनता ने क्षेत्रीय विधायक से खपरी जलाशय से पानी छोड़ने की मांग किया है।*

वर्तमान में गिरते जलस्तर की वजह से तालाब, कुआं और हैंडपंप जैसे पारंपरिक जलस्त्रोत जवाब देने लगे हैं। जलसंकट की आहट को देखते हुए लगने लगा है कि आने वाले दिनों में स्थानीय निवासियों को पानी के लिए जद्दोजहद करना पड़ सकता है।

जलस्तर गिरने का हाल ऐसा ही रहा तो इससे खेत और कंठ दोनों प्यासे रहने को मजबूर हो जाएंगे। जानकारों के मुताबिक फरवरी के बाद से ही जलस्तर में गिरावट तेजी से आई है। जिसका उदाहरण वो हैंडपंप हैं जो पहले आसानी से पानी देते थे, उनका जलस्तर नीचे उतर जाने से सूखे पड़े हैं। इस तरह के मामलों की पिछले कुछ दिनों में ही पीएचई विभाग के पास शिकायत भी आने लगी है। जिसके बाद हैंडपंपों में पाइप बढ़ाने का काम तेजी से किया जा रहा है। ताकि पेयजल का संकट पैदा न हो। ग्रामीण अंचल में ग्राम अंडा, चदखुरी, निकुम, विनायकपुर, चिंगरी,जंजगिरी, कुथरेल, चंदखुरी, कोलिहापुरी जहां बने हैंडपंप और कुओं का जलस्तर तेजी से गिरा हैं। जिसके कारण पानी की समस्या पैदा होने लगी है। घर का मोटर पंप भी समय तक नहीं चल पाती। जलस्त्रोत के जवाब दे दिए जाने से पिछले कई दिनों ने पेयजल सप्लाई बाधित हो रही है। यही हाल आसपास के गांवों में लगे हैंडपंपों का हो रहा है। गांव में बड़े-बड़े तालाब सुखने लगे है जिससे लोगों को परेशानी हो रही है।

**खपरी जलाशय से पानी छोड़ने की मांग, हैंडपंप भी छोड़ने लगे साथ**

### भूजल दोहन और बोर खनन पर लगाम

हरिभूमि सरोकार

खेती और उद्योगों द्वारा धड़ल्ले से भूजल का दोहन किया जा रहा है। बिना अनुमति बोर खोदकर भूमिगत जल का दोहन किया जाता है। लगातार इसकी शिकायत भी मिलती है। इस करण जलस्तर गिर रहा है। मगर जिला प्रशासन व संबंधित विभाग कभी भी जल स्तर नियंत्रित करने औद्योगिक परिसरों की जांच नहीं करते। इसके चलते जल संकट की समस्या हर साल बढ़ रही है। जिनमें प्रमुख शहर में अत्याधिक मात्रा में बोर, नलकूप उत्खनन, जल संसाधनों का अधिक उपयोग करना, उचित जल प्रबंधन की कमी के साथ तालाब किनारे की जमीनों पर किया जा रहा अतिक्रमण है।



**गांवों में उतरने लगा जलस्तर**

जमीन के नीचे से पानी का लगातार दोहन किए जाने के चलते भूजल स्तर नीचे खिसकना शुरू हो चुका है। हालात यह है कि कई इलाकों में पिछले कुछ महीनों के भीतर तीन से चार मीटर तक जलस्तर नीचे जा चुका है। यहां लगे हैंडपंपों में 20 से 25 फीट तक पाइप बढ़ाना पड़ता हैं। कुछ इलाकों में जलस्तर ज्यादा नीचे जाने पर मोटर डलवाकर पानी का उपयोग किया जाने लगा है।

## चार पीढ़ी से ओदरागहन की करें हैं सेवा : सरपंच कुसुमलता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

ग्राम पंचायत ओदरागहण में निवर्तमान सरपंच जिनेश जैन ने नवनिर्वाचित सरपंच अपनी मां कुसुमलता जैन को सरपंच का पदभार सौंपा। नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों के शपथ ग्रहण समारोह में निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, रानीतराई के पूर्व सरपंच निर्मल जैन, रानीतराई सोसायटी अध्यक्ष बेनीराम साहू, पूर्व सरपंच जिनेश जैन राजा उपस्थित थे।

- **निवर्तमान सरपंच जिनेश जैन ने नवनिर्वाचित सरपंच अपनी मां कुसुम जैन को पदभार सौंपा**

### पहले बेटा फिर मां बनी सरपंच, मिला आशीर्वाद

जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू एवं निवर्तमान मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि यह जैन परिवार 4 पीढ़ी से ओदरागहन में निवास रत सुख-दुख में परिवार की भांति गांव में भूमिका निभाते आ रहे। ग्राम के विकास में बीते पंचवर्षीय में जिनेश जैन ने काफी सक्रिय भूमिका निभाई है। अब विकास के लिए जिनेश की मां कुसुमलता जैन गांव वालों ने मौका दिया है। यह एक अच्छा उदाहरण है।

### विकास प्राथमिकता होगी: कुसुमलता

अर्जुन्दा की धरा में पढ़ी लिखी नवनिर्वाचित सरपंच सीनियर सिटीजन कुसुमलता जैन ने शपथ ग्रहण समारोह में बेबाकी के साथ अपनी बात रखते हुए कहा कि आमजनता की आवश्यकता को समझकर उनकी समस्या को हल करते ओदरागहन को विकास की उच्चाइयों तक ले जाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

**अंचल की खबरें**

### गिरौधपुरी धाम दर्शनार्थियों का किया स्वागत



**कुम्हारी।** अखिल भारतीय सतनाम सेना संगठन कुम्हारी द्वारा मंगलवार को गिरौधपुरी धाम जाने वाले तीर्थयात्रियों का स्वागत किया। नगरपालिका परिषद कुम्हारी के हनुमान मंदिर के सामने आयोजित कार्यक्रम में दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं का चंदन वंदन से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सन्त गुरु घासीदास बाबा की मंगल आरती और जयकारों से हुई। श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया। संत शिरोमणि व गुरु घासीदास बाबा की जन्मस्थली गिरौधपुरी धाम में तीन दिवसीय संत समागम, गुरु दर्शन और विशाल मेला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कुम्हारी में अखिल भारतीय सतनाम सेना संगठन द्वारा आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजक अश्वनी देशलहरे सहित कृष्णकांत, हिम्मत देशलहरे, पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, विकास मढ़रिया, प्रणव श्रीवास्तव, सुजीत यादव, साधना स्वर्णकार, पुरुषोत्तम मधुकर, जितेंद्र जोशी, अंजोर, तृप्ति चंद्राकर, राकेश पांडे, धर्मेंद्र सिंन्हा, गोल्डी गोस्वामी, ओमकार मारकंडे आदि उपस्थित थे।

### गांव के सर्वांगीण विकास के लिए करें कार्यः विजय



**अंडा।** ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा विकासखंड व जिला दुर्ग के नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों ने दुर्ग सांसद विजय बघेल व ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से भेंट मुलाकात की। उन्होंने कहा कि गांव के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को मिलजुल कर कार्य करने की सलाह दी। नवनिर्वाचित सरपंच अनसूईया नारायण साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रिया लक्ष्मी साहू, पूर्व उप सरपंच विजय साहू, ज्योति साहू, पंच दोहितराम निषाद, उमेश्वरी साहू ,अश्वनी साहू, खुलास यादव, रोहिणी साहू, कुमेश्वरी साहू, शांतिलाल साहू, भूपेंद्र यादव ,शतरूपाबाई साहू, ज्योति निषाद, पुनीता साहू, सुंदरलाल साहू ,चित्ररेखा निषाद, बुधराम रावत ,लक्ष्मी निषाद नरेश कुमार पवार एवं ग्रामवासी तामेश्वर यादव ,नोहर लाल साहू आदि उपस्थित थे।

## गांव के विकास के लिए मंत्रालय की छोड़ी नौकरीः सरपंच रमाकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

वन विभाग मंत्रालय में 15 वर्षों तक डाटा इंट्री ऑपरेटर की शासकीय सेवा पर सेवारत युवा रमाकांत साहू ने त्यागपत्र देकर मातृभूमि के लिए कुछ कर गुजरने की तमन्ना के साथ जन सेवा का मार्ग चुना और आगेसरा के मतदाताओं ने रमाकांत साहू को सरपंच बनाकर आशीर्वाद दिया। विकास की डाटा मन में बनाकर चुनाव लड़े रमाकांत साहू शासकीय औपचारिकताओं के पूर्ण होने के बाद धरातल में योजना को क्रियान्वयन करेंगे।



**सरपंच एवं पंचों ने ली शपथः** ग्राम पंचायत आगेसरा में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों को शपथ ग्रहण करने समारोह का आयोजन हुआ। रमाकांत साहू सरपंच तथा नवनिर्वाचित पंचों सुशीला साहू, रोहित साहू, ईश्वरी साहू, गणेश सोनी, एकेशवर साहू, प्रेमलता साहू, केशव सोनी, उर्वशी सोनी, थान सिंह पटेल, हेमलता पटेल, रामहिन निषाद को संकुल समन्वयक टिकेश्वर गजपाल ने शपथ ग्रहण कराए। राजकुमार सेन सचिव ने समारोह की माकूल व्यवस्था किए।

### शिक्षादूत पुरस्कार से शिक्षक रविन्द्र का सम्मान करते हुए कलेक्टर

अंडा। संयुक्त जिला कार्यालय सभागार में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2024 अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान कर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सम्मानित किया। विकासखंड गुण्डरदेही से शासकीय प्राथमिक विद्यालय परसदा(डग) ,संकुल परसदा के सहायक शिक्षक रविन्द्र कुमार चन्द्राकर को शिक्षादूत पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



## सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएंगेः कीर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



जनपद पंचायत पाटन में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न हुआ। जनपद पंचायत अध्यक्ष की जिम्मेदारी जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक के जनपद सदस्य कीर्ति नायक को मिली हैं। कीर्ति नायक प्रारंभ से ही संगठन एवं जनसेवा में सक्रिय थी। उनकी सक्रियता एवं जनसेवा के प्रति कर्मठता और लगन को देखते हुए संगठन ने उसके नाम पर मुहर लगाई हैं। जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद ज्ञापित किया हैं। कीर्ति नायक ने कहा कि जनपद अध्यक्ष की जिम्मेदारी संगठन ने मुझे दी है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल, संगठन महामंत्री पवन साय, सांसद विजय बघेल, जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पर्यवेक्षक राजेंद्र पाढ्े, मंडल अध्यक्षों, जनपद सदस्यों का भी आभार व्यक्त किया।

- **पाटन जनपद अध्यक्ष बनने पर कीर्ति नायक ने संगठन एवं जनपद सदस्यों का माना**

नायक ने कहा कि सरकार के योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर उसका लाभ दिलवाएंगे। जनपद पंचायत पाटन के अध्यक्ष के रुप में कीर्ति नायक के निर्वाचित होने पर भाजपा संगठन सहित जन-जन उत्साहित हैं।

**वाडबलिजा जातिय संघम के प्रतिनिधि मिले विधायक से**

## वाडबलिजा जातिय संघम, विधायक देवेंद्र का 9 मार्च को करेंगे सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

वाडबलिजा जातिय संघम भिलाई के सदस्यों ने भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव से भेंटकर समाज के द्वारा आयोजित 9 मार्च के सम्मान समारोह के लिए आमंत्रित किया है। समाज के अध्यक्ष जी.हरिकृष्णा ने पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज महासचिव वी.वायकुंठ राव, सहसचिव डी.येसैय्या के.राजू एवं विधायक प्रतिनिधि व पूर्व पार्षद जी.राजू, पूर्व एल्डरमैन नागमणि, समाजसेवी के.उमाशंकर राव, के. राजू,के.लक्ष्मीनारायण, आंध्र प्रदेश गुनुपल्ली ग्राम से आये हुए मंडल अध्यक्ष राजा राव उपस्थित थे।

### सब एक साथ मिलकर करें विकासः माताजी



**निकुम।** श्री सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर प्रांगण निकुम में पंचायत में शपथ लेने के बाद ग्रामीणों के बीच सामूहिक रूप से सरपंच भागवत राम पटेल व पंचगणों ने शपथ ग्रहण कर गांव के विकास में कार्य करने का वचन दिय। वही छः पुरोहितों भावेश पांडे व अन्य पंडित ने वैदिक मंत्रों के नवनिर्वाचित सरपंच भागवत पटेल को ग्राम प्रमुख कुर्सी पर बैठाया। मुख्य अतिथि संत श्री माता जी, निकुम ने आयोजन में उद्बबो धन में कहा कि सब एक साथ मिलकर एक साथ कदम से कदम मिलाकर गांव के विकास कार्य में सहभागिता निभाए, वही पूरे दुर्ग जिले में ग्राम पंचायत निकुम विकास कार्यों की खुशबू से निकुम को नई पहचान मिले। शासन की योजना हर जरुरत व पात्र परिवार को मिले। नवनिवार्चित सरपंच भागवत पटेल ने कहा विकास कार्यों से गांव की तस्वीर व तकदीर बदलेंगे। आयोजन में पूर्व विधायक खेड़ा डॉ. बालमुकुंद देवांगन , पूर्व जिला पंचायत सदस्य माधव प्रसाद देशमुख नवनिर्वाचित जनपद सदस्य लीलावती रूपेश देशमुख, चिमन देशमुख सहित आदि मौजूद थे।

### महिलाओं के लिए बजट घोर निराशाजनक : नीलू



**भिलाई।** प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव नीलू लिमेश ने छत्तीसगढ़ शासन के वर्ष 2025-26 को लेकर पेश बजट पर कहा है कि महिलाओं के लिए कुछ भी प्रवधान नहीं रखा गया। घरेलू गैस, पेट्रोल, डीजल, मिट्टी का तेल सस्ता नहीं हुआ, जिससे महिलाओं को काफी परेशानी होगी। घर के चूल्हे में कोई राहत नहीं मिली। महिलाओं का घर चलाना मुश्किल होगा। इतना ही नहीं बच्चों को पढ़ाई में कॉलेज में जाने तक पेट्रोल खर्च बहुत महंगा पड़ रहा है। बजट में शराब की कीमत कम कर शराबियों को और उत्साहित किया गया, जिससे घर का वातावरण बिगड़ सकता है।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जाँच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारी, कलेक्टर सहित पांच अफसरों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने भिलाई निगम के वार्ड 35 के तत्कालीन पार्षद मोहम्मद सलमान मामले में पांच अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट के द्वारा इस मामले में स्टे आदेश जारी होने के बाद छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने शून्य घोषित किया। हाईकोर्ट ने इसे गंभीरता से लिया है और इसके लिए पांच संबंधित अधिकारियों को नोटिस भेजा है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के डिप्टी सेक्रेटरी डॉ नेहा कपूर, चीफ इलेक्शन कमिश्नर स्टेट अजय सिंह, दुर्ग कलेक्टर ऋचाप्रकाश चौधरी, भिलाई निगम के रिटर्निंग अफसर वार्ड 35 सुमीत अग्रवाल, स्थानीय निर्वाचन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह शामिल हैं।

## तत्कालीन पार्षद सलमान मामले में हाईकोर्ट का नोटिस

### यह है मो. सलमान का मामला

वार्ड 35 शारदा के तत्कालीन पार्षद इंजीनियर सलमान को संभाग आयुक्त ने बर्खास्त कर दिया था। जिसको उन्होंने राज्य सरकार को अपील किया। राज्य शासन ने उनका अपील अस्वीकार कर दिया और संभाग आयुक्त द्वारा किए गए फैसले को बरकरार रखा। इस फैसले को सलमान हाई कोर्ट में चैलेंज करते हैं उसके बाद उन्हें हाई कोर्ट से न्याय मिलता है और संभाग आयुक्त और राज्य सरकार द्वारा किए गए दोनों फैसले को हाई कोर्ट स्टे कर देता है। इसी बीच वार्ड में आचार संहिता लागू हो गया था और कांग्रेस प्रत्याशी के भाजपा के शामिल होने और नाम वापस लेने के कारण भाजपा प्रत्याशी चंदन यादव निर्विरोध पार्षद 31जनवरी 2025 को घोषित कर दिया गया था। जीत का प्रमाण पत्र भी दे दिया गया। सलमान ने हाईकोर्ट की आदेश जो 28 जनवरी 2025 को आया था।। उस स्टे वाली आदेश की कॉपी को पूर्व में ही सलमान ने उक्त अधिकारियों को दिया था।



### हाईकोर्ट ने यह कहा

।हाईकोर्ट ने इस मसले पर संज्ञान लेते हुए डॉक्टर नेहा कपूर उपसचिव राज्य निर्वाचन आयोग और अजय सिंह से राज्य निर्वाचन आयोग को अगली सुनवाई की तारीख तक अन्य सभी प्रासंगिक दस्तावेज के साथ जवाब देने को निर्देश दिया है। रिचा प्रकाश चौधरी दुर्ग कलेक्टर सुमित अग्रवाल रिटर्निंग ऑफिसर नगर पालिका निगम भिलाई यूपी चुनाव वार्ड 2435 और वीरेन सी उप निर्वाचन अधिकारी को नोटिस जारी करके कारण बताओं नोटिस कर कहा है कि न्यायालय के आदेश का पालन न करने के लिए उनके विरुद्ध और मानना कार्रवाई क्यों ना शुरू की जाए। 6 हफ्ते में जवाब देने को कहा है।

### सरकार के दबाव में कार्य



किसी भी अधिकारी को सरकार के दबाव में आकर ऐसे काम कभी नहीं करने चाहिए, जिससे संविधान की हत्या हो। हाईकोर्ट के आदेश को मैंने अधिकारियों को देकर जानकारी दी थी। उसके बाद भी उनके द्वारा आदेश को शून्य घोषित कर दिया गया।

**मो. सलमान,** तत्कालीन पार्षद वार्ड 35

## खबर संक्षेप

### निष्पक्ष जांच को लेकर चौकी का घेराव आज

**भिलाई।** ग्राम जेवरा सरपंच के भतीजा की दुकान में आगजनी की घटना को सही जांच करने करने की मांग पूर्व सरपंच प्रशांत कुमार गौतम ने शासन प्रशासन से किया है। गुरुवार दोपहर 3 बजे जेवरा सिरसा चौकी का घेराव किया जाएगा। वर्तमान सरपंच पूर्व सरपंच को मीडिया के सामने खुले आम आरोप लगाया जा रहा है। इस आगजनी की जांच कर दोषी पर कार्रवाई कर जेल भेजा जाए। उपसरपंच चुनाव में प्रशांत कुमार गौतम को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। जांच तक उप सरपंच चुनाव को रोका जाए।

### महिला को कुत्ते ने काटा, अपराध दर्ज



**भिलाई।** महिला को पालतु कुत्ते के काटने के मामले में पुलिस ने धारा 291 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भठ्ठी पुलिस ने बताया कि सेक्टर-4 निवासी सुनंदा राखोंडे घर जाकर खाना बनाने का काम करती है। 4 मार्च की शाम 7.30 बजे सेक्टर 4 सड़क 16 सोसायटी से चावल लेकर वापस अपने घर हॉस्टल लौट रही थी। सेक्टर 4 सड़क 19 के पास पहुंची थी। तभी गोपी नायक का पालतु कुत्ता सड़क पर खुला घूम रहा था। अचानक महिला के दाहिने हाथ दोनों पैर को काट दिया। उपचार के लिए महिला शासकीय अस्पताल सुपेला पहुंची। जहां उपचार किया गया।

## विनिवेशीकरण के दौर में प्रबंधन हावी, यूनियनों की एकजुटता जरूरी

# वेतन समझौता व मान्यता चुनाव बने चुनौती, यूनियनों से मोहभंग की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

क्या बदलते दौर में सेल के सबसे बड़े उपक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों का ट्रेड यूनियनों से मोहभंग होता जा रहा है। प्रबंधन और श्रमिक संगठनों के बीच शक्ति प्रदर्शन की स्थिति में मान्यता यूनियन चुनाव के साथ कर्मियों व संयंत्र की समस्याएं भी चुनौती बनती जा रही हैं। कर्मचारियों का मानना है कि एकजुटता और निस्वार्थ कर्मचारी हित से ही यूनियनें अपना खोया हुआ विश्वास हासिल कर सकती हैं।

उल्लेखनीय है कि मौजूदा दौर में प्रदेश और देश की बेकबोन माने जाने वाले बीएसपी में यूनियनों की स्थिति वैसी नहीं प्रतीत होती जैसी कुछ वर्षों पहले थी। श्रमिक संगठनों की तादाद दोगुनी होने और आईडी एक्ट के तहत चुनाव होने के बाद भी 12 हजार नियमित कर्मचारियों और 22 हजार ठेका मजदूरों की समस्याएं निदान होने के बजाए बढ़ती जा रही हैं। इससे वर्कर्स से निराशा और असंतोष से यूनियनों के प्रति मोहभंग की स्थिति है। कर्मियों और प्लांट के मुद्दों को सुलझाने के मामले में कुछ मद्दों को छोड़कर आज यूनियनों की मौजूदगी प्रबंधन से चर्चा और कागजी आश्वासन हासिल तक सिमट कर रह गई है। कर्मियों के मुताबिक यह यूनियनों की ताकत ही थी, जिसने पिछले चालीस साल के दौरान लोकल एग्रीमेंट से लेकर सिर्फ बीएसपी कर्मियों को बोनस सहित कई सफलताएं और प्लांट की समस्याओं का निदान कराया। पूर्व में इंटक,सीटू, एटक, एचएमएस और बीएमएस की उपस्थिति वाले दौर में 4 दशक तक प्रसिद्ध श्रमिक नेता रवि आर्य वाली इंटक के एकछत्र वर्चस्व के वक्त में सफल एग्रीमेंट के बाद वर्ष 2012-13 से शुरु हुएआईडी एक्ट चुनाव बाद भी मान्यता हासिल वाली सीटू फिर इंटक को प्रबंधन कर्मचारी मुद्दों पर कुछ महत्व देता रहा। लेकिन इसके बाद पिछली मान्यता में रही बीएमएस को तुलनात्मक रुप से मिले कम महत्व से बीएमएस सहित अन्य यूनियनों ने भी रोष जताया। नतीजा यह रहा कि कर्मचारियों और मजदूरों के अपूर्ण वेतन समझौता सहित कई मुद्दे और प्लांट की कई समस्याएं लंबित हैं। यूनियन चुनाव का कार्यकाल खत्म होने के बाद भी यूनियनें और प्रबंधन दोनों ही आगामी चुनाव को लेकर उदासीन बने हुए हैं। यूनियनों के मुताबिक विनिवेशीकरण के दौर में लोकल व उच्च प्रबंधन हावी है। जिसे वर्कर्स जनाधार कम होने का भ्रम समझ रहे हैं। 1 मिलियन टन से लेकर 5 मिलियन टन से अधिक उत्पादन की यात्रा में अपना खून पसीना बहाने वाले कर्मियों के योगदान को प्रबंधन खारिज नहीं सकता है।



### यूनियनों की एकजुटता जरूरी

निजीकरण के दौर में यूनियनों को अधिक एकजुट होने की जरूरत है। कर्मी पहले की अपेक्षा आर्थिक रूप से मजबूत है। लेकिन अपने हितों के लिए वे यूनियनों को मजबूत देखना चाहते है।

**विनोद कुमार सोनी**, सचिव एटक

### अपेक्षाएं बढ़ीं

पूर्व की अपेक्षा वर्क्स की अपेक्षाएं यूनियनों से बढ़ी है। कर्मचारी हित को लेकर आज भी यूनियन सक्रिय है।

संजय साहू,
स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक

### अपूर्ण समझौता, संयंत्र व टाउनशिप की समस्याएं

पांच एनजेसीएस यूनियनों व पांच गैर एनजेसीएस यूनियनों की सक्रियता के बाद भी वर्कर्स, प्लांट, टाउनशिप और सेक्टर नौ हास्पिटल आदि की बढ़ती समस्याओं का समाधान श्रमिक संगठनों क्या आफिसर्स एसोसिएशन के लिए भी चुनौती बनी हुई है। पांच साल से सेल वर्कर्स वेतन समझौता अपूर्ण होने से 39 माह का एरियर्स, भत्ते व एचआरए सहित कई मुद्दे लंबित हैं। टाउनशिप बुनियासी समस्याओं से बजबजा रही है। प्लांट कम होते मेन पावर, आउटसोर्स, दुर्घटनाओं व बुनियादी सुविधाओं से ग्रस्त है। ठेका मजदूर न्यूनतम वेतन के लिए तरस रहे हैं और जेएलएन अस्पताल रेफरल सेंटर बन गया है। यूनियनों की बेबसी कर्मियों को दूर कर रही है।

### बदली परिस्थितियों से कम हो रहा जनाधार

पिछले कुछ सालों में कर्मियों के बीच यूनियनों के कम होते जनाधार की वजह बदली हुई परिस्थितियों को बताया जा रहा है। नब्बे के दशक में आर्थिक उदारीकरण बाद आज विनिवेशीकरण के घनीभूत होने के साथ वर्कर्स आर्थिक रुप से मजबूत हो गया है,यानी वेतन व सुविधाएं अधिक होने से सुविधाभोगिता के चलते अब पहले की तरह प्लांट के गेट के सामने यूनियन नेताओं के साथ झंडा लेकर नारेबाजी करना उसकी प्राथमिकता में नहीं रहा। फिर उसे तबादले को लेकर प्रबंधन का भय भी है। 80 के दशक में 60 हजार वर्कर्स हुआ करते थे। आज वर्कर्स के साथ प्लांट व टाउनशिचप भी सिमट रहा है।

# थम नहीं रहा पीलिया, 30 संभावित मरीज मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

**खुर्सीपार वार्ड-42 में 492 घरों का किया भ्रमण**

खुर्सीपार भिलाई के वार्ड 42 गौतम नगर में पीलिया थमने का नाम नहीं ले रहा। प्रभावित क्षेत्र का स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा 492 घरों का भ्रमण किया गया। जिसमें बुखार के 4 मरीज मिले। बुधवार संभावित पीलिया के 30 मरीज मिले जिसमें से 13 सैंपल किया गया व 7 पीलिया से ग्रसित मरीज मिले। नगर निगम की सहायता से जांच हेतु मोबाईल मेडिकल यूनिट प्रभावित क्षेत्र में लगाया गया है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग आम जनता से अपील करता है कि उल्टी लगना, भूख न लगना, थकान महसूस होना, पेट में लगातार दर्द होना, बुखार आना जैसे पीलिया संबंधी लक्षण दिखायी देने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर चिकित्सकीय परामर्श लें। पीलिया का जांच कराये और अपने व परिवार का ध्यान रखने की सलाह दी गई है। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है। संभावित पीलिया के मरीज प्राप्त होने की सूचना प्राप्त होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के मार्गदर्शन में एवं जिला सर्वेलेंस अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे के निर्देशन में प्रभारी अधिकारी डॉ. पियाम सिंग सिविल हॉस्पिटल सुपेला भिलाई व जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट दुर्ग श्रीमती रितीका सोनवानी द्वारा सुपरवाईजर विजय सेजुले बीईटीओ हितेन्द्र कोसरे एवं स्थानीय कार्यकर्ता व मितानिनों के साथ प्रभावित क्षेत्र का नियमित भ्रमण करने निर्देशित किया गया है।

# कर्मियों को छुट्टियों के दिन का दें डबल वेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिशासी निदेशक को पत्र लिखकर राष्ट्रीय छुट्टियों के दिन ड्युटी करने पर डबल वेज के भुगतान कराने की मांग किया है। भेदभाव से कर्मियों को नुकसान होने के साथ असंतोष भी बढ़ रहा है। बीएसपी के गैर कार्यपालक कर्मचारियों को राष्ट्रीय त्योहारों जैसे 15 अगस्त, 26 जनवरी तथा 2 अक्टुबर के दिन ड्युटी करने पर मात्र एक दिन का अतिरिक्त वेतन भुगतान किया जाता है। जबकि सेल की दूसरी इकाई, बोकारो इस्पात संयंत्र, दुर्गापुर इस्पात संयंत्र में उक्त राष्ट्रीय छुट्टियों के दिन कार्यरत रहने वाले कार्मिकों को दो दिन का अतिरिक्त वेतन का भुगतान किया जाता है। एक ही संगठन के भीतर सिर्फ गैर कार्यपालक कर्मचारियों के साथ भेदभाव तथा दोहरे रवैये के कारण बीएसपी कर्मियों मैं काफी आक्रोश है। सेल स्तर पर सभी अधिकारियों के लिए एक समान नियम बनाया गया है जबकि कर्मचारियों के लिए मनमाने तरिके से अलग अलग नियम बनाया गया है। देश के लिए राष्ट्रीय छूट्टियों का मतलब एक होता है लेकिनबीएसपी प्रबंधन के लिए अलग अलग होता है। बीएकेएस के कोषाध्यक्ष नवीन मिश्रा ने बताया कि बोकारो, दुर्गापुर, सेलम इस्पात संयंत्रो में कार्य करने वाले सभी कार्मिको को एक दिन के डीए, बेसिक का दुगना भुगतान किया जाता है। बीएसपी में कार्यरत गैर कार्यपालक कर्मचारियों को केवल एक दिन का अतिरिक्त वेतन का भुगतान होता है।

# नेहरू गैलरी में निक्षय-निरामय भारत प्रदर्शनी का हुआ उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित नेहरू आर्ट गैलरी, इंदिरा प्लेस (सिविक सेंटर), भिलाई में "टीबी हारेगा, देश जीतेगा - निक्षय-निरामय भारत" पर केंद्रित तीन दिवसीयपोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता प्रदर्शनी का आयोजन जेएलएन हास्पिटल के तत्वाधान में टीबी हारेगा, देश जीतेगा - निक्षय-निरामय भारत के तहत के तहत किया जा रहा है। उद्घाटन मुख्य अतिथि, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में प्रतिभागियों द्वारा निर्मित पोस्टर और स्लोगन में टीबी से सम्बंधित जानकारी, लक्षण, उपाय, खानपान, संतुलित आहार आदि के बारे में बताया गया है। इस प्रदर्शनी और इस तरह के पहल का मूल उद्देश्य समुदाय में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने और देश में टीबी के मामलों को कम करना है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक डॉ. रविन्द्रनाथ एम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी, डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर, डॉ. एस मुख़र्जी, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक प्रशांत तिवारी, सौमिक डे, उप महाप्रबंधक राजीव कुमार, ओए के अध्यक्ष एवं सेफ़ी के चेयरमैन एन के बंछोर, महासचिव परविंदर कुमार, ओए के कोषाध्यक्ष अंकुर मिश्रा, डॉ. उदय कुमार, डॉ. सोनाली त्रिवेदी, डॉ. रौनक दास, डॉ ठाकुर, डॉ. अतुल अंगज, डॉ. प्रिया पंकज, डॉ. एडी बेनर्जी आदि उपस्थित थे।



■ पोस्टर और स्लोगन से किया जागरुक

### टीबी को रोकने में मदद

मुख्य अतिथि ने अवलोकन पुस्तिका में लिखा "यह प्रदर्शनी भारत में टीबी के कारण और इसे फैलने से रोकने में मदद करेगी। इससे टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और इससे भारत के टीबी मुक्त लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। पूर्व में टीबी (क्षय रोग) उन्मूलन रैली का आयोजन भी किया था। गुरुवार तक प्रतिदिन संध्या 5:30 बजे से रात 8:30 बजे तक नेहरू आर्ट गैलरी, इंदिरा प्लेस में आम जनता के लिए खुली रहेगी।

# सुरक्षा चुनौतियों का साहस से मुकाबला करें: मुखोपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह महात्मा गांधी कला मंदिर में "विकसित भारत के लिए सुरक्षा और कल्याण महत्वपूर्ण विषय पर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि, संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय ने शुभारंभ किया। पूर्व-निदेशक केके द्विवेदी, उप-निदेशक आशुतोष पांडे, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, पवन कुमार, डॉ. एम रवींद्रनाथ और अरुण कुमार आदि उपस्थित थे। सीजीएम डी सतपथी ने सुरक्षा गतिविधियों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाप्रबंधक (इंस्ट्रूमेंटेशन) एस.आर. जत्रेले उनकी पत्नी महाप्रबंधक शिवानी जत्रेले द्वारा लिखित इंस्ट्रूमेंटेशन विभाग - सुरक्षा संजीवनी नामक सुरक्षा मानक पुस्तिका विमोचन किया गया। एसपी-3 द्वारा 'गब्बर का सुरक्षा ज्ञान' शीर्षक से एक सुरक्षा स्किट, डब्ल्यूएमडी के रवि यादव का एक सुरक्षा गीत, महाप्रबंधक जीके साहू द्वारा सुरक्षा कविता और एसपी-3 के रमेश साहू और सरिता देवांगन द्वारा सुरक्षा गीत प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि मुखोपाध्याय ने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एक आजीवन यात्रा है, हमें भविष्य में विभिन्न चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, लेकिन वास्तविक सफलता बिना किसी कमी या गलतियों के सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए इन चुनौतियों का बहादुरी से सामना करना है। द्विवेदी ने कहा कि हमें अपनी गलतियों से सीखना चाहिए, अतीत में जो भी दुर्घटनाएं हुई हैं, उनका गहन विश्लेषण किया जाना चाहिए तथा आवश्यक परिवर्तन एवं सुधार को अपने कार्य में शामिल किया जाना चाहिए। आशुतोष पाण्डेय ने बीएसपी कलेक्टिव को संयंत्र और जीवन के सभी क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया।




■ बीएसपी में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह

### सांकरा शिविर में ग्रामीण लाभान्वित



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग एवं जिला चिकित्सालय के तत्वाधान में ग्राम सांकरा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सीएसआर से डॉ. एम सरस्वती, फार्मासिस्ट शशि भूषण रॉय व प्रभा सैमुअल एवं पंजीयन के लिए शंभु दयाल, बुधेलाल एवं जिला चिकित्सालय दुर्ग की ओर से सीएचओ दिव्या सिंह तथा आरएचओ चितरंजन सोनकर उपस्थित थे। 85 लोगों की सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच करने के साथ ही उन्हें निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई।









हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 6 मार्च 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 9755819129

04

ट्यूलिप का 'सिलसिला'

## लाइव इवेंट

### जिले में अब भी 6 हजार से ज्यादा असाक्षर, उन्हें साक्षर बनाने ट्रेनिंग के बाद 23 को एग्जाम



**भिलाई।** जिले में अब भी 6 हजार से ज्यादा लोग असाक्षर हैं, उन्हें नए सिरे से साक्षर बनाने की कवायद शुरू की गई है। इसकें अंतर्गत स्कूल-कॉलेज के करीब 3200 वालेंटियर्स बनाए गए हैं, जिनकी मदद ली जा रही है। असाक्षर लोगों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद करीब 6 हजार लोगों के लिए 23 मार्च को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक परीक्षा आयोजित की जानी है। इसे लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। इसे लेकर सिविल लाइन स्थित विवेकानंद ऑडिटोरियम में प्राचार्यों और संकुल समन्वयकों की बैठक हुई। बैठक में 17 मार्च से शुरू होने वाली पांचवीं और आठवीं परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर भी निर्देश दिए गए। जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा ने बताया की राज्य की मंशा एवं दिशानिर्देश के अनुरूप यह परीक्षा सम्पादित करनी है। इसमें संकुल प्राचार्यों एवं केन्द्राध्यक्षों की भूमिका अहम है। इसलिए इसके आयोजन एवं क्रियान्वयन में गोपनीयता एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में किन सावधानियों के अंतर्गत कार्य करना है, इससे सभी भलीभांति परिचित हों। जिला नोडल केंद्रीयकृत परीक्षा अमित घोष ने संकुल प्राचार्यों द्वारा प्रश्नपत्र प्राप्ति , केंद्राध्यक्षो को वितरण, केंद्र में परीक्षा का सफल संचालन, समन्वय केंद्र तक पहुंचाने की प्रक्रिया एवं आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई। बीईओ गोविन्द साव ने नवभारत साक्षरता अभियान अंतर्गत 23 मार्च को होने वाली परीक्षा के बारे में जानकारी दी। बैठक में सहायक विकासखंड शिक्षाधिकारी राजेश्वरी चंद्राकर, सहायक विकासखंड शिक्षाधिकारी संध्या ढीढी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्रवण सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

■ उल्लास नवभारत कार्यक्रम के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता करने प्रशिक्षण



## सिटी इवेंट

### गद्य साहित्य विषय पर व्याख्यान, छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति को सहेजने लिया संकल्प



**भिलाई।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा रूसा योजना अंतर्गत व्याख्यानमाला का सतत आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ी गद्य साहित्य विषय में व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसके वक्ता डॉ. पीयूष कुमार प्राध्यापक बद्री प्रसाद कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय आरंग थे। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनेष सुराना ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ी का गद्य साहित्य अभिव्यक्ति का सबसे सशक्त माध्यम है, जिसमें छत्तीसगढ़ की संस्कृति परम्परा रीति रिवाज परिलक्षित होती है। छत्तीसगढ़ी साहित्य में छत्तीसगढ़ की माटी की सौंधी सुगंध है। मुख्य वक्ता डॉ. पीयूष कुमार ने छत्तीसगढ़ी गद्य साहित्य विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ी गद्य जीवंत है। वह हमारे ह्रदय से जुड़ा हुआ है। इसलिए छत्तीसगढ़ी के साहित्यकार गद्य के माध्यम से लोगों में चेतना जागृत करते हैं। छत्तीसगढ़ का इतिहास समृद्ध है, इस पर हमें गर्व करना चाहिए। कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ. रजनीश उमरे ,डॉ.ओमकुमारी देवांगन, डॉ. रमणि चंद्राकर, शोधार्थी अतुल केसरवानी, टेकलाल निराला, कपिल,बेलमती पटेल, निर्मला पटेल, लक्ष्मीन तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. लता गोस्वामी औरर आभार प्रदर्शन डॉ.शारदा सिंह ने किया।

### त्रिसंगम सतनाम धाम स्थापना दिवस 8 को

**भिलाई।** भिलाई 3- गुरु बालक दास कल्याण समिति उमदा, जरवाय, पत्थर्रा के तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी गिरौदपुरी मेला का आयोजन 8 मार्च को होना है। नवमी तिथि को त्रिसंगम सतनाम धाम का 32वां स्थापना दिवस समारोह भी इसी दिन मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निर्मल कोसरे महापौर भिलाई-चरोदा होंगे। अध्यक्षता दाऊ कृष्णा चंद्राकर सभापति करेंगे। विशेष रूप से विधायक प्रतिनिधि प्रेमसागर चतुर्वेदी, दीपक चंद्राकर जिलाध्यक्ष बसपा, भूपेंद्र वर्मा पार्षद जरवाय, मनोज डहरिया, दीप्ति आशीष वर्मा उमदा मौजूद रहेंगे। इनके अलावा समाज के प्रतिष्ठित गणमाण्य नागरिक शामिल होंगे। इस अवसर पर गुरुगद्दी में पूजा अर्चना, पंथीनृत्य के साथ झंडा रैली जरवाय 1 से और सतनाम भजन आरती बारले एवं साथी बानबरद द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

● बैटरी से चलेगी ऑटोमैटिक गन, इससे निकलेगी रंगों की फुहार, वॉटर-गुलाल सिलेंडर में जलेगी लाइट

# ट्विनसिटी में होली के लिए सजा बाजार, प्रेशर गन, वॉटर टैंक गुलाल सिलेंडर और गॉग्लस की यूनिक वैरायटी की ज्यादा डिमांड

रंगों का महापर्व होली को अब केवल सप्ताह भर का समय रह गया है। ऐसे में ट्विनसिटी के बाजारों में रंग, गुलाल और पिचकारी सहित अन्य सामानों की दुकाने भी सज चुकी है। इस बार ऑटोमैटिक प्रेशर गन, वॉटर-गुलाल सिलेंडर और बच्चों का प्रिय टैंक पिचकारी और यूनिक डिजाइन के गॉगल्स सभी को लुभाएंगे। होली के त्यौहार को खास बनाने के लिए इस बार थोक बाजार में बैटरी से चलने वाले ऑटोमैटिक गन के साथ वॉटर- गुलाल सिलेंडर भी बच्चों और युवाओं को आकर्षित करने वाले हैं। सड़क किनारे सजने वाली दुकानों में नजर आ रहे है। इसे चलाने वालों को साउंड के साथ गन चलाने जैसा एहसास होगा। इस बार रंगों की फुहार के लिए पिचकारी की दर्जनों नई वैरायटी दुकानों में बच्चों को ही नहीं, युवाओं को भी लुभाने वाली है।



**भिलाई।** पावर हाउस और दुर्ग इंदिरा मार्केट में कई थोक दुकानों में इन दिनों दिल्ली, मुंबई, कोलकाता से मंगाई गई पिचकारियों की धमक बढ़ गई है। इस बार हर्बल रंग और गुलाल ही नहीं, बल्कि बच्चों के लिए खास तरीके के तैयार गॉगल्स की विशाल रेंज है। इसे लगाकर बच्चों की आंखों के साथ चेहरे को भी रंगों के इंफेक्शन से बचाया जा सकेगा।

इसे देखते हुए भिलाई, दुर्ग और रिसाली में दुकान सजाने वाले रिटेलर्स तो महंगी पिचकारी के लिए पावर हाउस सर्कुलर मार्केट स्थित गोयल रंग गुलाल के संचालक विष्णु गोयल के पास पहुंच रहे है। इनके पास होली को यादगार बनाने के लिए कई तरह के साजो-सामान होने से छोटे व्यापारी भी आ रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के रिटेलर्स कम रेंज की पिचकारी के साथ हाईप्रोफाइल फैमिली के लिए बैटरी से चलने वाली ऑटोमैटिक प्रैशर गन भी खरीद रहे हैं। 200 से 1000 की रेंज में मिलने से आर्डर भी कर रहे हैं।

बच्चों में होली को लेकर खासा उत्साह होता है। इसे दोगुना करने के लिए इस बार बाजार में एयर गन के साथ वॉटर टैंक, सिलेंडर औक गुलाल सिलेंडर की 150 से लेकर हजार रुपए की विशाल रेंज है। बैटरी से चलने वाले गल से हर्बल गुलाल की फुहार के लिए बाजार में गुलाल गन भी देखने को मिलने वाला है। बंदूक पिचकारी पुराने दौर ही नहीं बल्कि नए दौर के लिहाज से भी डिजाइन की गई है। पाइप के साथ ही लोटे के शेप में बनाई गई पिचकारी की पूछ परख इस होली के सीजन में भी बरकरार रहने वाली है। इस बार वॉटर टैंक, बंदूक और स्मोक शॉट की धूम रहेगी।



### एनीमेशन व कॉर्टून कैरेक्टर प्रिंटेड पिचकारी पहली पसंद

बाजार में इस बार छोटे बच्चों को पसंद को ध्यान में रखते हुए एनीमेशन कैरेक्टर प्रिंटेड पिचकारी भी मन को भायेगी। इनमें डीपर एंड बनी, ट्रांसफार्मर और शिवा प्रिंट वाले पिचकारी के साथ ही वॉटर टैंक और गुलाल टैंक उपलब्ध कराने वाले है। इस तरह की पिचकारी को बच्चों की पसंद को देखते हुए तैयार किया गया है। इसे रिटेलर्स भी आर्डर देने में रुचि ले रहे हैं। इस पिचकारी से उन्हें कमाई के साथ खरीदने वाले लोगों को भी फायदा मिलने वाला है, क्योंकि संभालकर चलाने से इन्हें कई सीजन में उपयोग किया जा सकेगा।

### बच्चों के साथ बड़ों को इस बार दिल और बूम डिजाइन में गॉगल्स

इस बार बच्चों के साथ बड़ों के लिए भी अलग-अलग डिजाइन में गॉगल्स भी रिटेलर्स के पास सजे दिखाई दे रहे हैं। इसे दिल और बूम शेप के अलावा कई तरह से आकार में तैयार किया गया है। जो देखने में आकर्षक होने से पार्टी लुक में है। इसका इस्तेमाल बच्चे होली के बाद सामान्य सीजन में भी कर सकेंगे। साथ ही रंगों की वजह से त्योहार के बाद लोगों को स्किन संबंधित कोई परेशानी न हो, इसे देखते हुए ही हर्बल गुलाल और रंगों में फूलों की खुशबू भी मिलेगी। इसकी रेंज लोगों को बजट में यानी 100 से 400 की रेंज में है। व्यापारियों को उम्मीद है कि लोग पसंद करेंगे।








## आईआईटी में अनुसंधानों पर मंथन, देशभर के साइंटिस्ट जुटे

**भिलाई।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आईआईटी भिलाई में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।इसमें विद्यार्थी, शिक्षक और शोधकर्ता शामिल हुए। उनके अलावा देशभर के अलग-अलग जगहों से आए विषय विशेषज्ञ भी शामिल हुए। कार्यक्रम डॉ. रामासामी मयिलमुरुगन के आतिथ्य में हुआ।

आ ई आ ई टी भिलाई के निदेशक प्रो. राजीव प्रकाश ने कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि विज्ञान और इंजीनियरिंग में अंतःविषय सहयोग की जरूरत है। बीएआरसी मुंबई से आईं डॉ. अर्चना शर्मा द्वारा विकिरण प्रौद्योगिकी के गैर-शक्ति अनुप्रयोग पर जानकारी दी गई। सिंथेटिक माइक्रो और नैनोमोटर, अमूर्त बनाम प्रयोगात्मक अनुसंधान, लुईस एसिड-बेस एडक्ट्स में जैविक प्रतिक्रियाएं, प्रकृति से प्रेरित वैज्ञानिक अनुसंधान, अल्जाइमर रोग के लिए जैव सूचना विज्ञान भविष्यवक्ता और अगली पीढ़ी के वायरलेस सिस्टम के लिए एंटीना प्रौद्योगिकी जैसे नौ विज्ञान से जुड़े विषयों पर विषय विशेषज्ञों ने विचार रखे। छात्रों ने एक पोस्टर सत्र में सक्रिय रूप से भाग लिया।सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कारों और समापन टिप्पणियों के साथ समाप्त हुआ। कार्यशाला में भौतिकी, कंप्यूटर विज्ञान, रसायन विज्ञान, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, जीवन विज्ञान, गणित और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों के विशेषज्ञों के बीच चर्चा हुई। क्रॉस-डिसिप्लिनरी अनुसंधान को प्रोत्साहित किया गया। इस आयोजन से सफलतापूर्वक अकादमिक नेटवर्किंग मजबूत हुई और भविष्य की सहयोगी अनुसंधान पहलों के लिए आधार तैयार हुए।

■ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




## गद्य साहित्य विषय पर व्याख्यान, छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति को सहेजने लिया संकल्प

**भिलाई।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी कॉलेज के हिंदी विभाग द्वारा रूसा योजना अंतर्गत व्याख्यानमाला का सतत आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ी गद्य साहित्य विषय में व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसके वक्ता डॉ. पीयूष कुमार प्राध्यापक बद्री प्रसाद कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय आरंग थे। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनेष सुराना ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ी का गद्य साहित्य अभिव्यक्ति का सबसे सशक्त माध्यम है, जिसमें छत्तीसगढ़ की संस्कृति परम्परा रीति रिवाज परिलक्षित होती है। छत्तीसगढ़ी साहित्य में छत्तीसगढ़ की माटी की सौंधी सुगंध है। मुख्य वक्ता डॉ. पीयूष कुमार ने छत्तीसगढ़ी गद्य साहित्य विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ी गद्य जीवंत है। वह हमारे ह्रदय से जुड़ा हुआ है। इसलिए छत्तीसगढ़ी के साहित्यकार गद्य के माध्यम से लोगों में चेतना जागृत करते हैं। छत्तीसगढ़ का इतिहास समृद्ध है, इस पर हमें गर्व करना चाहिए।



## कार्नर न्यूज

### जैन मुनि और साध्वी ससंघ पदविहार कर शिखर जी की ओर बढ़ रहे, दुर्ग में स्वागत

# मानव जीवन, निर्ग्रंथ गुरु, अच्छा कुल बहुत ही बड़े पुण्य से मिलता है : समता सागर

**दुर्ग।** जैन संत समता सागर इन दिनों दुर्ग में है। बुधवार को बड़े मंदिर में उनकी प्रार्थना सभा हुई। इस दौरान उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि हम और आप सभी को मनुष्य जीवन ही नहीं मिला, बल्कि अच्छे बुरे का भेद करने के लिए अच्छी बुद्धि मिली। इसे पाकर हम और आप सभी धर्म ध्यान कर रहे हैं। अपने हित-अहित का निर्णय करने के लिये सक्षम हैं। मुनि श्री ने निगोद से लेकर मनुष्य जीवन तक की इस यात्रा का वर्णन सुनाते हुए कहा कि हजारों वर्षों तक तो निगोद में पड़े रहे। जैसे-तैसे निगोद से निकले और एक इंद्रिय हुए। आगे चलकर दो इंद्रिय हुए और जिव्हा मिली तथा अंदर की आबाज बाहर निकली, फिर तीन इंद्रिय बने, तो हमें सूंघने की शक्ति के रूप में नासिका

मिली। चार इंद्रिय बने तो सुनने के लिए कान मिल गये और पंच इंद्रिय बने तो देखने के लिये आंख मिल गई। जब संज्ञी इंद्रिय बने तो हमें अच्छे बुरे की पहचान हो गई। इसकी वजह से हम आज यहां पर बैठकर पंच परमेश्वर की आराधना कर रहे हैं। उन्होंने गृहस्थ की देव पूजा, गुरु की बंदना तथा स्वाध्याय, संयम तप और दान करने के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि गृहस्थ अपने आत्मधर्म की ओर आगे बढ़ाता है, लेकिन इस धर्म का सबसे बड़ा बाधक तत्व अज्ञानता, मिथ्यात्व और मोह का परिणाम है। मुनि श्री ने कहा मोह से आच्छादित एवं संचय हुआ ज्ञान अपने स्वभाव को प्राप्त नहीं होंने देता। उन्होंने सुकुमाल मुनि की कथासुनाते हुये कहा कि जब तक महलों में रहे मोह के बंधन में रहे। वे इतने नाजुक थे कि उनको सरसों का दाना भी चुभता था, लेकिन जैसे ही उनको अपनी मृत्यू का भान हुआ, तो सीधे दीक्षा लेकर वन को निकल पड़े और जंगल में अपनी आत्मा में ऐसे लीन हुये कि पूर्व भव की बैरी स्यालनी उनका भक्षण करती रही, लेकिन वह अपनी तपस्या से मोक्ष को प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि धर्म मजबूरी में तथा मजदूरी में नहीं किया जाता धर्म तो मजबूती के साथ किया जाता है। उन्होंने कहा कि मानव जीवन, निर्ग्रंथ गुरु, अच्छा कुल बहुत ही बड़े पुण्य से मिलता है। आप लोगों का यह पुण्य ही है जो आपको निरंतर मुनिसंघ और आर्यिका संघ के सेवा का सौभाग्य मिल रहा है। इस अवसर पर मुनि पवित्र सागर, ऐलक निश्चय सागर, निजानंद सागर, संयम सागर मंचासीन थे। समाज के मनीष जैन बड़जात्या ने बताया दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में मान स्तंभ के भगवान की पूजा अर्चना की गई। शांतिधारा मुनि समतासागर के मुखारविंद से संपन्न हुई।



### साध्वी गुरुमति ससंघ पहुंची बड़े मंदिर मुनिश्री का लिया दर्शनलाभ

प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया कि आचार्य विद्यासागर के समाधि स्थल चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ़ से निर्यापक श्रमण मुनि समता सागर तथा मुनि पवित्र सागर ससंघ एवं आर्यिका रत्न गुरुमति माता एवं आर्यिका रत्न दृणमति माता सहित सभी 46 माताजी का श्री सम्मेद शिखर तीर्थ की ओर विहार जारी है। सुमतिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में आर्यिका संघ दर्शनार्थ मंदिर में पधारीं। जिनविंव के दर्शन तथा विराजमान मुनिसंघ की वंदना की। इस दौरान रायपुर दिगंबर जैन मंदिर मालवीय रोड के अध्यक्ष यशवंत जैन, सचिव सुजीत जैन तथा कोषाध्यक्ष दिलीप जैन, अविनाश जैन ने श्रीफल अर्पित कर मुनिसंघ और आर्यिकासंघ को रायपुर के लिए आमंत्रित किया।



## सिटी इवेंट

# ग्रेजुएशन सेरेमनी में स्टूडेंट को मिला प्रमाण पत्र, दिखी खुशी



**भिलाई।** रूंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च ने 2019 बैच के लिए ग्रेजुएशन समारोह उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी ओवरऑल टॉपर्स छात्रों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए उत्कृष्टता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। जिसे पाकर सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों के चेहरों में खुशी की चमक दिखाई दी। कार्यक्रम में अध्यक्ष संजय रुगटा, निदेशक डॉ. साकेत रुंगटा सहित विद्यार्थियों के माता-पिता, संकाय सदस्य और सभी अतिथि उपस्थित थे। उन्होंने स्नातकों के लिए अपने प्रेरक शब्दों और आशीर्वाद से प्रोत्साहित किया। ग्रेजुएशन समारोह में सभी स्नातक छात्रों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण से स्नातक पास करने उन्हें स्मृति चिन्ह का वितरण किया गया। जिसे पाकर सभी खुशी से झूम उठे। इसके अतिरिक्त, यूनिवर्सिटी ओवरऑल टॉपर्स का गौरव हासिल करने वाले छात्रों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए उत्कृष्टता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। एसआरजीआई के अध्यक्ष संजय रुंगटा ने सभी योग्यता धारकों की सराहना की और आरसीडीएसआर को चुनने और उसमें विश्वास करने के लिए माता-पिता को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने एनएएसी ए ग्रेड हासिल करने के लिए संकायों के प्रयासों की भी सराहा। उन्होंने भविष्य में और अधिक उत्कृष्टता का वादा भी किया। कॉलेज के डीन डॉ. कार्तिक ने छात्रों को संबोधित किया, उनके प्रयासों की सराहना की और उन्हें दंत चिकित्सा में भविष्य के कैरियर पथ की दिशा में मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रीना कुलश्रेष्ठ ने छात्रों को क्षेत्र में सीखने और उत्कृष्टता की अपनी यात्रा जारी रखने के लिए प्रेरित करते हुए मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की। समारोह का समापन वाइस डीन, डॉ. फातिमा द्वारा कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए सभी गणमान्य व्यक्तियों, संकाय सदस्यों, छात्रों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन स्नातकों के जीवन में एक महत्वपूर्ण और यादगार लम्हा बन गया। उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों का जश्न मनाया गया और उन्हें दंत चिकित्सा के क्षेत्र में भविष्य के प्रयासों के लिए तैयार किया गया।

■ रूंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च में ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन

## भारतीय इतिहास में जनजातीय योगदान विषय पर साइंस कॉलेज में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

# आदिवासी समाज से आने वाले वीर नारायण सिंह, गेंद सिंह गुंडाधुर ने अंग्रेजों के खिलाफ फूंका था आजादी का बिगुल

**दुर्ग।** भारतीय इतिहास में जनजातीय समाज के योगदान विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन साइंस कॉलेज के इतिहास विभाग में किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी के कुलपति और दुर्ग के संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर शामिल हुए। उद्घाटन सत्र में राठौर ने कहा कि जनजातीय समाज की अत्यंत समृद्ध संस्कृति रही है। जनजातीय समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है, यह सोचकर गर्व होता है कि अनेक महान स्वतंत्रता सेनानियों का जन्म जनजाति समाज में हुआ। अपने देश के लिए संघर्ष करने की परंपरा जनजाति समाज में प्रारंभ से रही है, शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गुंडाधुर एवं गेंद सिंह जैसे अनेक महान क्रांतिकारी ने अंग्रेजों के खिलाफ आंदोलन करते हुए अपना बलिदान दे दिया। राठौर ने कहा कि भारत को स्वतंत्र कराने में आदिवासी वीर शहीदों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके साथ ही जनजातीय समुदायों का जीवन हमेशा से प्रकृति से जुड़ा रहा है। आदिवासियों ने ही प्रकृति को सहेज कर रखा है। वे अपनी परंपराओं और संस्कृति के माध्यम से पर्यावरण की देखभाल करते हैं और प्रकृति से सामंजस्य बनाए रखते हैं। उनकी जीवनशैली बहुत सरल होती है, जिसमें उनके पास सीमित संसाधन होते हुए भी वे खुशी और संतुष्टि के साथ रहते हैं। जनजाति इतिहास में बहुत कुछ जानने को मिलता है। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि एवं छत्तीसगढ़ इतिहास परिषद की अध्यक्ष डॉक्टर आभा आर. पाल ने विषय के चयन के लिए इतिहास विभाग को बधाई देते हुए कहा कि जनजातीय समाज पर शोध की व्यापक संभावनाएं हैं।



### आदिवासियों के विद्रोह और स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को किया परिभाषित



मुख्य वक्ता डॉ. रविंद्र शर्मा ने भारतीय उपमहाद्वीप की सैन्य व्यवस्था में प्रतिबिंबित जनजाति समाज के योगदान पर विद्वत्तापूर्ण शोध पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक के आदिवासी विद्रोह और स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति समाज की भूमिका को अत्यंत बारीकी से रेखांकित किया। संगोष्ठी के संयोजक एवं इतिहास विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय ने विषय के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए छत्तीसगढ़ एवं भारत के अन्य राज्यों से आए समानता अध्यापकों एवं शोधार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए यह आशा किया कि दो दिवसीय संगोष्ठी के दौरान पढ़े जाने वाले शोध पत्रों के माध्यम से जनजातीय समाज की भूमिका को बेहतर ढंग से समाज और राष्ट्र के सम्मुख रखा जा सकेगा। संपूर्ण देश में ही नहीं छत्तीसगढ़ प्रांत की सांस्कृतिक समृद्धि में जनजातियों का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया की जनजातीय इतिहास के बिना भारतीय इतिहास की कल्पना नहीं की जा सकती, जनजातीय समाज का भारतीय इतिहास में अविस्मरणीय योगदान रहा है। प्राचार्य डॉ. अजय सिंह ने देश के विभिन्न प्रांतो में हुए जनजातीय आंदोलन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह संगोष्ठी शोधार्थियों के लिए एक स्वर्ण अवसर है जिसमें जनजातियों के विस्मृत अतीत को सामने लाने का महत्वपूर्ण शोध संपन्न हो सकेगा।

### डॉ. निवेदिता की पुस्तक जनजातीय संस्कृति का विमोचन

संभागायुक्त राठौर ने शोध पत्रों की शोध स्मारिका तथा विभाग की शोधार्थी डॉ. निवेदिता वर्मा द्वारा लिखित पुस्तक जनजातीय संस्कृति का विमोचन भी किया गया। डॉ. निवेदिता वर्मा ने बताया यह पुस्तक मूल रूप से बस्तर की जनजातीय संस्कृति पर केंद्रित है। उद्घाटन सत्र के अंत में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राकेश रंजन सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन विभाग की ही डॉक्टर ज्योति धारकर ने किया। अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान छत्तीसगढ़ी सम्मान वस्त्र एवं विभाग के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित लौह शिल्प की कृतियों को स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट कर किया गया। इस अवसर पर आईजी रामगोपाल गर्ग, एसडीएम हरवंश मिरी सहित इतिहास के सभी वरिष्ठ विद्वान, शोधार्थी एवं प्राचार्य उपस्थित थे।



## लाइव इवेंट

# महिलाओं को एनीमिया व कुपोषण के खिलाफ स्वयं लड़नी होगी जंग



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में गर्भवती माताओं में एनिमिया तथा बच्चों में कुपोषण की स्थितियां गंभीर है। अगली पीढ़ी को कुपोषण के चक्र से मुक्त कराने के लिए महिलाओं को ही जंग लड़नी होगी। यह बातें नाबार्ड दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरीगारका मे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय आयोजन में शिक्षाविद डॉ डीएन शर्मा ने कही। सोसाइटी फॉर इंटीग्रेटेड रुरल डेवेलपमेंट द्वारा संयोजित इस कार्यक्रम में डॉ शर्मा ने आव्हान किया कि महिलाएं एकजुट होकर अपना कौशल विकास करते हुए अपने सामाजिक व आर्थिक संबलीकरण को एक यथार्थ बनाये।

नाबार्ड की जिला विकास प्रबन्धक अंशू गोयल ने उपस्थित महिलाओं को महिला दिवस की बधाई देते हुये उन्हें व्यवसाय अपना कर आर्थिक रूप से समृद्ध बनने के लिए प्रेरित किया। समाजसेवी बी.पोलम्मा ने कहा कि महिला स्व सहायता समूहों के लिए व्यावसायिक रूप से आगे बढ़ कर आर्थिक रूप से भी आत्म निर्भर होने का उपयुक्त समय है। सोसाइटी फॉर इंटीग्रेटेड रुरल डेवेलपमेंट की अध्यक्ष वीणापाणि खरे ने महिलाओं के लिए डिजिटल लिट्रेसी पर कार्यक्रम बनाने पर बल दिया ताकि महिलाएं अपने उत्पादों एवं व्यापार को स्वयं से दुनिया भर मे प्रसारित कर सकें। संस्था के सचिव एस. के. खरे ने महिलाओं को पर्यावरण संरक्षण करने समूहों से सीड बॉल बना कर वृक्षारोपण को बढ़ावा देने का आग्रह किया। कार्यक्रम में ग्राम पौउवारा की नव निर्वाचित महिला सरपंच मीना यादव एवं ग्राम बोरीगारका सरपंच चुम्मन लाल यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों एवं महिलाओं ने मनमोहन लोकनृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान व्यवसायी महिलाओं लीलेश्वरी साहू, ओम बाई यादव, डोमिन साहू एवं पुष्पा साहू को नाबार्ड द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की समन्वयक पुष्पा साहू ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामों के स्व सहायता के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर महिला स्व सहायता समूहों के उत्पादों की एक प्रदर्शनी भी लगायी गई।

## पांच दिवसीय कार्यशाला

# योग आत्मा का वह भोजन है जो आध्यात्म की ओर ले जाता है, रोज करें योग



**भिलाई।** सेंट थॉमस कॉलेज रुआबांधा भलाई में योग और मानसिक स्वास्थ्य पर पांच दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत हुई। कॉलेज के खेल और योग समिति द्वारा आयोजित कार्यशाला के उद्घाटन सत्र के अवसर पर मुख्य अतिथि बीएनएस कॉलेज भिलाई की योग प्रशिक्षक पूर्णिमा वर्मा उपस्थित रही। इस अवसर पर प्रशिक्षिका पूर्णिमा ने कहा कि योग हमारी आत्मा का वह भोजन है, जो आध्यात्म की ओर ले जाता है। साथ ही मानसिक चुनौतियों का हल निकालने के लिए योग बेहतर जरिया साबित होता है। इसीलिए शरीर का मन के साथ जुड़ना योग है। पूर्णिमा ने विद्यार्थियों से योग के विभिन्न योगासन कराते हुए उसके महत्व को भी समझाया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ. पी. एस. वर्गीस ने योग के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। वहीं प्राचार्य डॉ. एम. जी. रोईमोन ने कार्यक्रम से बेहतर सीखकर योग को दिनचर्या में शामिल करने की बातें कही। कॉलेज की अधिष्ठाता डॉ. देबजानी मुखर्जी ने कहा कि योग ऐसा दर्शन है जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखता है। इस कार्यक्रम का स्वागत भाषण कार्यक्रम समन्वयिका डॉ. रीमा देवांगन ने दिया। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक कैलाश नारायण वर्मा ने किया। कार्यशाला में मंच संचालन डॉ. रूपा श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने इस प्रशिक्षण में अपनी सहभागिता उपस्थित की।



## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजन

# विज्ञान हमारी दिनचर्या का अहम हिस्सा पोस्टर और मॉडल स्पर्धा में मिला पुरस्कार





**भिलाई।** श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार,पोस्टर और मॉडल स्पर्धा आयोजित की गई। दो दिवसीय विज्ञान उत्सव की शुरुआत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आईपी मिश्रा ने किया।

उन्होंने कहा कि विज्ञान का हमारे दैनिक जीवन में नियमित रूप से महत्व है इसे केवल एक दिन में बांधा नहीं जा सकता है। रमन प्रभाव की खोज हो या न्यूटन का गुरुत्वाकर्षण का आविष्कार हमारे वैज्ञानिकों ने विश्व में अपनी अलग पहचान स्थापित की है। विधार्थियों के लिए भी वैज्ञानिक चेतना के विकास में इस तरह के आयोजन उत्साहित करते हैं। शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग के डॉ प्रशांत श्रीवास्तव ने ग्लोबल वार्मिंग और उसके बढ़ते खतरे पर कहा कि ग्लोबल वार्मिंग एक गंभीर समस्या बन गई है जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।यह किसी एक कारण से नहीं बल्कि कई कारणों से हो रहा है जिसमें प्राकृतिक और मानव निर्मित दोनों हैं। ग्रीन हाउस गैसों,ज्वालामुखी विस्फोट,कार्बन डाइऑक्साइड की बढ़ती मात्रा ग्लोबल वार्मिंग में योगदान दे ही रहीं हैं मिथेन गैस भी एक अहम रोल कर रही है। शोधपत्रों की प्रस्तुति दो सत्रों में आयोजित की गई। कुल 80 शोधपत्र की मौखिक और पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय प्रबंधन से रुद्रांश मिश्रा, कुलसचिव डॉ स्मिता सेलोट, डायरेक्टर विकास डॉ सुशील चंद्र तिवारी, डॉ स्वर्णली दास पॉल, गुंजन जैसवानी, संदीप श्रीवास्तव, डॉ धनेश जोशी के साथ प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न स्पर्धाओं के पुरस्कार वितरित किए गए।

# सरल, संयम और सहज गुण, निश्चित ही अच्छे मार्ग पर ले जाएगी-माता गुरुमति



**भिलाई।** जैन समाज के दिगंबर जैन मंदिर विद्युत नगर हाउसिंग बोर्ड में सकल जैन समाज के आचार्य संत शिरोमणि विद्यासागर महाराज की प्रथम दीक्षित शिष्या माता गुरुमति जी 40 साध्वी माता जी के साथ मंदिर पहुंची। इस दौरान समाज को उनके आहार चर्या का धर्म लाभ भी प्राप्त हुआ। संजय बोहरा ने बताया कि माता का संग डोंगरगढ़ से सम्मेद शिखर झारखंड के पद बिहार के लिए निकला है। जिसकी दूरी कम से कम 900 किलोमीटर है। माताजी के मंगल आगमन पर विजय बोहरा, आशीष जैन, सुनील जैन, मुकेश जैन, संजय बोहरा और स्थानीय महिला मंडलों ने विशेष रुप से स्वागत किया। माताजी ने प्रवचन के दौरान बताया कि हमें अपने आचार और विचार में सरलता, संयम और सहज होना चाहिए। आपके यह गुण निश्चित ही अच्छे मार्ग पर ले जाएगी। उन्होंने आगे बताया की पंचम काल में आप लोगों को धर्म लाभ प्राप्त हो रहा है। उसे व्यर्थ न जाने दे। माताजी का मंगल विहार भिलाई की ओर हुआ।

## एसिड अटैक की विभीषिका विषय पर कार्यशाला का आयोजन

# 70-80 फीसदी महिलाएं और 20-30 पुरुष एसिड अटैक की चपेट में, चर्चा कर कानूनी और सामाजिक पहलुओं को किया उजागर

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में एसिड अटैक की विभीषिका विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विषय विशेषज्ञों ने एसिड अटैक के गंभीर मुद्दे पर विस्तार से चर्चा करते हुए इससे जुड़े कानूनी और सामाजिक पहलुओं को उजागर किया। कार्यशाला का आयोजन विधि संकाय तथा फॉरेंसिक विज्ञान विभाग द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सहयोग से किया गया। इस संवेदनशील एवं ज्वलंत विषय पर कार्यशाला में डॉ. नवप्रीत कौर, सह-संस्थापक एवं उपाध्यक्ष लक्ष्मी फाउंडेशन नई दिल्ली, विषय विशेषज्ञ के रूप में उपस्थित रहीं। एसिड अटैक की गंभीर सामाजिक समस्या के विरुद्ध 2017 से लगातार पूरे देश में कार्यरत लक्ष्मी फाउंडेशन नई दिल्ली एक गैर शासकीय समाज सेवी संगठन है। संगठन का उद्देश्य एसिड अटैक पीड़ितों को यथासंभव सहायता उपलब्ध कराना तथा समाज को एसिड अटैक की विभीषिका को जड़ से खत्म करने के लिए आंदोलित करना है।



### त्वचा दान के महत्व को किया रेखांकित

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ ने एसिड अटैक के गंभीर मुद्दे पर विस्तार से चर्चा करते हुए इससे जुड़े कानूनी और सामाजिक पहलुओं को उजागर किया। उन्होंने 2013 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा आईपीसी की धारा 326(**A**) और 326(**B**) को जोड़े जाने के फैसले का उल्लेख किया, जिसके तहत दोषियों को 5 से 7 साल की सजा से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। उन्होंने एसिड अटैक के पीछे के मुख्य कारणों जैसे पुरुष अहंकार, दहेज प्रथा, एकतरफा प्रेम में असफलता, ईर्ष्या और विकृत मानसिकता, प्रतिशोध आदि कारणों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने बताया कि एसिड अटैक पीड़ितों में 70-80 फीसदी महिलाएं और 20-30 फीसदी पुरुष भी इसकी चपेट में आते हैं। उन्होंने त्वचा दान के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को इसके प्रति जागरूक किया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के कुलसचिव, डॉ. वीरेन्द्र कुमार स्वर्णकार ने एसिड अटैक की विभीषिका को समाज से खत्म करने के लिए युवा विद्यार्थियों को प्रेरित किया तथा लक्ष्मी फाउंडेशन, नई दिल्ली को समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान की सराहना करते हुए स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।कार्यशाला में प्राध्यापक प्रो. डॉ आलोक भट्ट, डॉ. शोभा सिंह ठाकुर, डॉ. प्रतिभा कुरुप, डॉ. निमिषा मिश्रा, निशा पटेल, श्वेता सिंह, जयंत बारिक, समीक्षा नय्यर, सूरज मुद्धुली, प्राची चाफले, आस्था चतुर्वेदी, पूजा ठाकुर सहित काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### महिला क्रिकेट में छत्तीसगढ़ को हराया हैदराबाद ने, त्रिशा के शानदार 101 रन



**रायपुर।** बी सी सी आई की ओर से महिला अंडर-23 वनडे क्रिकेट टुर्नामेंट बुधवार से शुरू हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का पहला रोहतक, हरियाणा में हैदराबाद अंडर 23 टीम के विरुद्ध खेला गया। हैदराबाद अंडर 23 ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़. ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 187 रन बनाये। छत्तीसगढ़.की ओर से यीशा भारती देवांगन ने सर्वाधिक 89 रन तथा यति शर्मा ने 46 रन बनाये। साथ ही कुमुद साहु ने 19 रनों का योगदान दिया। हैदराबाद अंडर 23 टीम की ओर से त्रिशा पुजिता ने 3 विकेट, जैसमिन गिल तथा जी त्रिशा ने 2-2 विकेट प्राप्त किया। 188 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद अंडर 23 की टीम ने 42.5 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 188 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। हैदराबाद की ओर से जी त्रिशा ने शानदार 101 रन नाबाद तथा त्रिशा पुजिता ने 39 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़. की ओर से शिवानी यादव ने 2 विकेट लिए। हैदराबाद ने मैच 7 विकेट से जीत लिया।

### अंतर्राष्ट्रीय रैफरी गौस को ऑल इंडिया पुलिस गेम्स हरियाणा में बुलावा



**रायपुर।** सरगुजा संभाग के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल रैफरी मोहम्मद गौस बेग को पुलिस विभाग की भारत की सबसे बड़ी वॉलीबॉल प्रतियोगिता के संचालन हेतु रेफरी के रूप में हरियाणा आमंत्रित किया गया है। ऑल इंडिया पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड नई दिल्ली द्वारा 73 वीं ऑल इंडिया पुलिस गेम्स महिला एवं पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता 7 से 11 मार्च को करनाल, हरियाणा में आयोजित की जा रही है. इसमें भारत के सभी राज्यों की पुलिस विभाग की टीम के साथ-साथ बीएसएफ, आइटीबीपी, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आरपीएफ की टीमें भाग ले रहीं हैं। इस प्रतिष्ठित वॉलीबॉल प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के एकमात्र अंतरराष्ट्रीय एक्टिव वॉलीबॉल रेफरी मोहम्मद गौस बेग को आमंत्रित किया गया है। गौस बेग करनाल, हरियाणा में पुलिस विभाग की इस प्रतियोगिता में रेफरी के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। गौस बेग भारत में वालीबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत सीनियर नेशनल चैंपियनशिप, फेडरेशन कप, नेशनल गेम्स के अलावा कई बड़ी प्रतियोगिता का सफ़ल संचालन कर चुके हैं। विदित हो कि इसके पहले भी गौस बेग ऑल इंडिया पुलिस वॉलीबॉल प्रतियोगिता भिलाई एवं पटना में रेफरी के तौर पर अपने दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं।

### छत्तीसगढ़ हैंडबाल टीम के गठन के लिए चयन भिलाई में 8 को



**रायपुर।** बिहार हैंडबाल संघ द्वारा 47वीं जूनियर बालक (19 वर्ष से कम) राष्ट्रीय हैंडबाल चैंपियनशिप का आयोजन बेगुसराय (बिहार) में दिनांक 29 मार्च से 02 अप्रैल तक तथा उड़ीसा हैंडबाल संघ द्वारा 39वीं सब-जूनियर बालक (15 वर्ष से कम) राष्ट्रीय हैंडबाल चैंपियनशिप का आयोजन क्योंझर, ओडिशा में 8 अप्रैल से 12 अप्रैल तक हैंडबाल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में किया जा रहा है। उक्त दोनों ही राष्ट्रीय हैंडबाल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य की जूनियर एवं सब-जूनियर बालक वर्ग की टीमों का भाग लेना प्रस्तावित है।

उपरोक्त संदर्भ में छत्तीसगढ़ राज्य की जुनियर एवं सब-जुनियर बालक हैंडबाल टीमों के गठन हेतु चयन स्पर्धा का आयोजन 08 मार्च शनिवार को शाम 04 बजे से हैंडबाल कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-4, भिलाई में किया जा रहा है। उक्त चयन स्पर्धा में भाग लेने हेतु सब-जूनियर एवं जूनियर बालक खिलाड़ियों की आयु सीमा सब-जूनियर बालक खिलाड़ियों की आयु एक जनवरी .2010 या उसके बाद की होनी चाहिये। जूनियर बालक खिलाड़ियों की आयु एक जनवरी 2005 या उसके बाद की होनी चाहिये। चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले सब-जुनियर एवं जुनियर बालक खिलाड़ियों को अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की मूल प्रति एवं फोटोकॉपी लाना अनिवार्य है साथ ही खिलाड़ियों को अपने-अपने स्कूल के प्राचार्य से एलिजीबिलिटी फार्म को सील एवं हस्ताक्षर कराकर लाना अनिवार्य है।

---

### अपनी सक्रियता बढ़ाइए तो रहेंगे फुर्तीले

# कुछ भी खाने के बाद नींद और आलस की लग गई है आदत तो इन्हें दूर करने अपनाएं उपाय

शायद ही किसी का यह जवाब हो कि मुझे सोना अच्छा नहीं लगता। हां, यह हो सकता है किसी को सुबह देर तक सोना पसंद हो, किसी को दोपहर में तो किसी को रात में जल्दी..!8 घंटे से ज्यादा सोने / नींद लेने के कई फायदे होते हैं। लेकिन ये सिर्फ रात में डीप स्लीप लेने पर ही होते हैं। वर्कआउट के बाद मसल्स रिकवरी के लिए गहरी नींद जरूरी है। यदि किसी को नींद आने में परेशानी होती है तो कुछ एक्सरसाइज से यह परेशानी दूर की जा सकती है। अनिद्रा/इंसोम्निया की समस्या को योगासन एवं घरेलू उपायों से दूर किया जा सकता है। ऑफिस जॉब करने वाले अधिकतर लोगों को दोपहर का भोजन करने के बाद आलस आने लगता है। खाने के बाद नींद आना डाइजेशन प्रोसेस के दौरान केमिकल रासायनिक चेंज के लिए शरीर की प्रक्रिया है।

यह सामान्य प्रक्रिया है और हर किसी के साथ ऐसा होता है। लेकिन यदि आपको हर बार खाने के बाद नींद आती है तो चिंता का विषय हो सकता है। जिसे नींद आती है, उसका काम में मन नहीं लगेगा और डेली रूटीन भी प्रभावित हो सकता है। आपको खाने के बाद आलस आने का कारण और उसे दूर करने के उपाय जानना जरूरी।



#### डाइजेशन साइकिल

बॉडी को काम करने के लिए एनर्जी की जरूरत होती है और यह फूड से मिलती है। जब आप कुछ खाते हैं तो यह डाइजेस्टिव सिस्टम में पहुंचते ही ग्लूकोज यानी एनर्जी में ब्रेक हो जाता है। साथ ही मैक्रोन्यूट्रिएंट्स जैसे प्रोटीन शरीर को कैलोरी यानी एनर्जी देता है। ऐसे में फूड को एनर्जी में कन्वर्ट करने के लिए डाइजेस्टिव सिस्टम विभिन्न रिस्पांसेज को ट्रिगर करता है। इस प्रोसेस में पेट भरा हुआ महसूस कराने वाले हार्मोन जैसे, कोलेलिस्टोकिनिन , ग्लूकाजन और एमाइलिन रिलीज होते हैं। ये हार्मोन माइंड में झपकी के सिग्नल पैदा करते हैं और आलस या नींद का कारण बनते हैं।

#### आपकी डाइट



फूड डाइजेस्ट होने का तरीका एक ही होता है लेकिन कुछ फूड बॉडी को समान रूप से इफेक्ट नहीं करते। कुछ फूड नॉर्मल से अधिक नींद दिलाते हैं। इनमें पालक,सोया,अंडे, पनीर,टोफू और मछली शामिल हैं। सेरोटोनिनबनाने के लिए बॉडी ट्रिप्टोफैन का यूज करती है। सेरोटोनिन एक न्यूरोट्रांसमीटर है, जो नींद को रेग्युलेट करने में हेल्प करता है। इसका लेवल बढ़ने पर निश्चित ही आपको नींद आएगी। यानी जिन फूड में ट्रिप्टोफैन अधिक होगा वो सेरोटोनिन बढ़ाएंगे, जिससे नींद अधिक आएगी। ट्रिप्टोफैन अमीनो एसिड हाई प्रोटीन वाले फूड्स में पाया जाता है। इसलिए दिन में अधिक प्रोटीन या ट्रिप्टोफैन में हाई फूड्स नींद आने का कारण बन सकते हैं। नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज के अनुसार, एक वयस्क के लिए प्रतिदिन ट्रिप्टोफैन की मात्रा 5 मिलीग्राम/1 किलोग्राम बॉडी वेट रखी गई है।

#### अधूरी नींद

जाहिर तौर पर हर किसी को 7-8 घंटे की गहरी नींद की जरूरत होती है। यदि रात में नींद पूरी नहीं होती तो सुबह नाश्ता करने या लंच करने के बाद आपको नींद जरूर



आएगी। मायो क्लीनिक की रिपोर्ट के मुताबिक नींद रेग्यूलेट करने, स्ट्रेस दूर करने के लिए एक्सरसाइज जरूरी मानी गई है। यदि आप रात में लेट सोते हैं और सुबह जल्दी उठते हैं तो यह भी दिन में नींद आने का कारण बन सकता है। इसलिए जरूरी है कि रात में 7-8 घंटे की गहरी नींद लें।

#### फिजिकल एक्टिविटी

रात में बेहतर नींद लेने में मदद करने के साथ ही एक्सरसाइज दिन में एनर्जेटिक और अलर्ट रखने में भी मदद करती है। कई स्टडीज में पाया गया है कि रेग्युलर एक्सरसाइज से एनर्जी बढ़ाने और थकान को कम करने में मदद मिलती है।

---



## साइकिलिंग करते समय याद रखें ये टिप्स, मिलेंगे अधिक फायदे

साइकिल चलाने के कई फायदे होते हैं। जैसे, हार्ट हेल्थ बेहतर रहती है, वेट कंट्रोल रहता है, टाइप 2 डाइबिटीज कंट्रोल रहती है, मसल्स मजबूत होते हैं, लोअर बॉडी टोन होती है और गठिया रोग कम होता है। पिछले कुछ समय में साइकिल के मार्केट में काफी बढ़त हुई है। इस कारण लोग महंगी से महंगी साइकिल खरीद रहे हैं। लेकिन महंगी साइकिल की अपेक्षा जरूरत है, गोल के मुताबिक सही साइकिल खरीदने की।

#### आपका लक्ष्य

साइकिलिंग करने से पहले सबसे पहले जो डिसाइड करना है, वो है गोल यानी लक्ष्य। गोल डिसाइड करने से फोकस्ड और एनर्जेटिक रहने में मदद मिलेगी। लेकिन ध्यान रखें, शुरुआत में छोटे गोल ही रखें। ऐसा नहीं होना चाहिए, कि पहले ही दिन आप खुद को 10 किलोमीटर साइकिलिंग का टारगेट दे दें। जो कि काफी मुश्किल होगा। ऐसा करने से आप डिमोटिवेट हो जाएंगे। बल्कि रोजाना थोड़ी-थोड़ी दूरी बढ़ाते हुए बड़े गोल तक पहुंचें। विशेषज्ञों का सुझाव है कि बार-बार छोटे ट्रेनिंग सेशन करना, लंबे सेशन की तुलना में अधिक प्रभावी होते हैं।

#### समय



18 से 64 साल के वयस्कों को फिट रहने के लिए हर हफ्ते मीडियम इंटेंसिटी से 2 से 2.5 घंटे एक्सरसाइज करनी चाहिए। लेकिन अगर आप साइकिलिंग कर रहे हैं तो रोजाना कम से कम 30 से 45 मिनट जरूर करनी चाहिए। अगर आपका लक्ष्य फिट रहना है तो हर हफ्ते तीन बार साइकिलिंग जरूर करें। समय के साथ साइकिलिंग की दूरी और साइकिलिंग के समय को भी कम या ज्यादा किया जा सकता है।

#### अपनी ताकत बचाएं

जब साइकिलिंग की शुरुआत करते हैं, तो पहले कुछ समय तक पैरों में सोरनेस नहीं रहती। लेकिन जैसे-जैसे दूरी बढ़ती जाती है तो पैरों में भारीपन आने लगता है। इसलिए अधिक ऊंचे रास्ते, ऊबड़-खाबड़ रास्ते और पहाड़ी एरिया में साइकिलिंग की अपेक्षा सीधी रोड पर साइकिलिंग करें। इससे आप जल्दी नहीं थकेंगे और स्ट्रेंथ बनाए रखकर लंबी दूरी तय कर पाएंगे।

#### अपनी पसंदीदा जगह खोजें

किसी को पहाड़ी वाली जगह पसंद होती है, तो किसी को मॉल्स और मार्केट घूमना पसंद होता है। अब सोचिए, जिसे पहाड़ी एरिया में घूमना पसंद है उसे मॉल में ले जाकर घूमने को बोला जाए तो उसे कैसा लगेगा ?

वो मॉल में घूम तो लेगा, लेकिन एंजॉय नहीं कर पाएगा। ऐसा ही साइकिलिंग करते समय भी होता है। अगर आप साइकिलिंग करने के अधिक फायदे लेना चाहते हैं तो अपनी पसंदीदा जगह चुनें। जैसे, रोड, घाटी वाला एरिया, नदी किनारे, कॉलोनी, इनडोर आदि।



---

## छोटे-छोटे कुकिंग टिप्स आपके काम को बनाएंगे बेहद आसान



ऐसा कई बार होता है कि हमें घर से निकलने की जल्दी होती है और जल्दी-जल्दी में क्या बनाएं, यह भी समझ नहीं आता है। कुछ नए ट्रिक्स आप के लिए सहायक हो सकते हैं।

#### 2 मिनट में तैयार करें झाग वाली कॉफी

गर्म कॉफी पीनी हो या फिर कोल्ड कॉफी, मजा तो फ्रॉथी कॉफी में ही आता है। मगर रोज-रोज कैफे में जाकर 150-200 रुपये खर्च करना कहां की समझदारी है? अब अगर किचन में ब्लेंडर या फ्रॉथर न हो, तो भी आप अच्छी कॉफी बना सकते हैं।

**क्या करें:** एक कांच की बोतल में इंस्टेंट कॉफी मिक्स, चीनी और थोड़ा-सा पानी डालकर अच्छी तरह से शेक करें। ध्यान रखें कि चीनी अच्छी तरह से घुल जाए। दूसरी ओर, दूध को एक बार उबालकर रख लें। अब एक कप में एक बड़ा चम्मच कॉफी और ऊपर से गर्मागर्म दूध डालकर मिला लें। आपकी कैफे वाली कॉफी तैयार है।

#### इस ट्रिक से तवे में नहीं चिपकेगी रोटी

कई बार जब तवा बहुत ज्यादा गर्म होता है, तो आटा उसमें चिपक जाता है। इसके कारण रोटी बीच से फट जाती है और फिर फूलती भी नहीं। रोटी अच्छी और फूली हुई बने इसके लिए यह ट्रिक जरूर आजमाएं।

**क्या करें:** तवा जब बहुत ज्यादा गर्म हो जाए, तो उसकी आंच को एकदम धीमा कर दें। अब एक स्प्रे बोतल में एक चौथाई पानी और दो से तीन बड़े चम्मच तेल मिलाकर शेक कर लें। गर्म तवे पर इसे स्प्रे करें और टिश्यू पेपर से साफ कर लें। इसमें बेली हुई रोटी फैलाएं और पका लें। आपकी रोटी बिना चिपके अच्छी तरह फूलेगी।

#### खिले-खिले चावल बनाने के ट्रिक्स

प्रेशर कुकर में चावल कई बार गीले हो जाते हैं। कई बार इकट्ठे हो जाते हैं और कई बार नीचे लग जाते हैं। चावल को खिला-खिला कैसे बनाना है, यह ट्रिक अगर आपको पता लग जाए, तो खाना खाने का मजा भी दोगुना हो जाएगा।

**क्या करें-** पहले चावल को अच्छी तरह से धोकर भिगोकर रख लें। इसके बाद, प्रेशर कुकर में 1 बड़ा चम्मच तेल डालकर फैला लें। इसमें चावल और पानी डालने के बाद एक छोटा चम्मच घी डालकर सीटी लगा लें। इस तरह से आपका चावल एकदम खिला-खिला बनेगा।

प्याज और लहसुन हाथों से काटा जाए, तो हाथों में भी उनकी तेज गंध बैठ जाती है। साबुन से धोने के बाद भी यह बदबू दूर नहीं होती।

---

## होली के दिन घर के मुख्य द्वार पर किस पत्ते का तोरण लगाना चाहिए?



होली के दिन तोरण लगाने का विशेष महत्व है। तोरण को विजय का प्रतीक माना जाता है। होली के दिन तोरण लगाने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। पीपल के पत्ते को पवित्र और शुभ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि इसे घर के मुख्य द्वार पर लगाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मान्यता है कि पीपल के पत्ते का तोरण लगाने से घर में देवी-देवताओं का वास होता है और उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। यह भी माना जाता है कि पीपल के पत्ते नकारात्मक ऊर्जा को दूर करते हैं और घर को बुरी नजर से बचाते हैं। आपको बता दें, मान्यता है कि घर के मुख्य द्वार पर पीपल के पत्ते का तोरण लगाने से घर की वास्तु दोष भी ठीक हो जाती है। इतना ही नहीं, घर के मुख्य द्वार पर पीपल के पत्ते का तोरण लगाने से माता लक्ष्मी का आगमन होता है। और घर में सुख-शांति का भी आगमन होता है। पान के पत्ते को भगवान गणेश और देवी लक्ष्मी का प्रिय माना जाता है। तोरण लगाने से उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। पान के पत्ते में भगवान शिव का वास माना जाता है। इतना ही नहीं, पान के पत्ते में मां सरस्वती का वास माना जाता है।

---

कार्नर न्यूज

### फिटनेस गोल की प्लानिंग करने के साथ फॉलो जरूर करें

# फिट रहने के लिए लाइफ स्टाइल में शामिल होना चाहिए फिटनेस ट्रेंड, बदलाव दिखेगा खुद आपको

कुछ लोगों का यह हर साल का काम होता है, जैसे ही जनवरी शुरू होने वाला होता है, लोग अपने फिटनेस गोल को हासिल करने की प्लानिंग शुरू कर देते हैं। लेकिन कुछ दिन के बाद वे उसे फॉलो नहीं कर पाते।

फिटनेस फ्रीक लोगों के लिए कोराना काल काफी मुश्किल भरा रहा। लोगों ने खुद को फिट रखने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाए। यहां कुछ ऐसे तरीके जानिए, जिनसे आप खुद को फिट रख सकते हैं।

#### वर्चुअल क्लास

अगर आप बाहर जा कर वर्जिश करना नहीं चाहते तो टेक्नोलॉजी ने इस समस्या का हल निकाला और वर्चुअल क्लास के जरिए लोगों को फिट रहने में मदद की है। लॉकडाउन के दौरान फिटनेस ट्रेनर्स और ऑनलाइन एक्सपर्ट ने वर्चुअल क्लास से लोगों को फिट रहने के टिप्स दिए थे। तब इन क्लास में सेलेब्रिटी ट्रेनर्स ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया था। अब बदली हुई परिस्थिति में भी आप वर्चुअल क्लास के माध्यम से में भी फिट रह सकते हैं। इसके लिए आप वीडियो कॉल से क्लास अटेंड कर सकते हैं।

#### पर्सनल रिमोट कोचिंग



घर पर मोटिवेट रहने का शानदार तरीका अपने ट्रेनर के साथ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर क्लास अटेंड करना हो सकता है। इसमें आपके ट्रेनर आपको रेगुलर वर्कआउट शेड्यूल और फिटनेस सामग्री प्रदान करते हैं, जिससे आप खुद को फिट रख सकते हैं। आप ट्रेनर के साथ ऑनलाइन पर्सनल कोचिंग ले सकते हैं। हालांकि इसके लिए आपको ज्यादा पेमेंट करनी पड़ सकती है।

#### होम जिम

कोरोना काल में जिम बंद रहने के कारण कई फिटनेस फ्रीक ने घर पर ही मिनी जिम बना लिया था। अब नए दौर में आप अपने शेड्यूल के हिसाब से घर पर कभी भी वर्कआउट कर सकते हैं। इस दौरान आपके साथ घर वाले भी एक्सरसाइज जरूरी करेंगे। यदि आप घर में जिम का सेटअप करना चाहते हैं तो ऑनलाइन ऐसी कंपनियों की डिटेल निकालकर जिम सेटअप करा सकते हैं।



#### डांस क्लास

डांस करना काफी लोगों को पसंद होता है। डांस एक कार्डियो एक्सरसाइज है, जो हार्ट रेट को बढ़ा देती है। लॉकडाउन के दौरान कई कोरियोग्राफर्स ने डांस क्लास शुरू कर लोगों से ऑनलाइन कनेक्ट किया।

इससे लोगों ने घर से ही ऑनलाइन क्लास से डांस सीखा। वहीं कुछ लोगों ने भांगड़ा और जुम्बा को वजन कम करने के लिए भी किया। अगर आप भी वजन कम करना चाहते हैं तो डांस क्लास अटैंड कर सकते हैं। ये क्लास ऑलनलाइन या ऑफलाइन भी ली जा सकती है।

#### जिम वर्कआउट

आप जिम जाकर भी खुद को फिट रख सकते हैं। जिम फिटनेस पाने की सबसे अच्छी जगह है। यदि आपको लगता है कि जिम जाना सही है तो आप वहां ज्वाइन कर सकते हैं। ये फिटनेस ट्रेंड लोग तेजी से अपना रहे हैं।

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### क्रिकेटर वार्नर कैमरे का करेंगे सामना, दिखेंगे 'रॉबिनहुड' में

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वॉर्नर जल्द ही क्रिकेट के बाद अब फिल्मों में छाने वाले हैं। कथित तौर पर डेविड फिल्मों में अभिनय करने वाले हैं। डेविड वार्नर आईपीएल के



इतिहास में सबसे सफल विदेशी बल्लेबाज हैं। क्रिकेट पिच के अलावा अब डेविड फिल्मों में अभिनय करते नजर आएंगे। आइए किस फिल्म में नजर आएंगे डेविड वार्नर।

डेविड वार्नर का टॉलीवुड के लिए प्यार किसी से छुपा नहीं है। 'पुष्पा-2' की रिलीज के अलावा डेविड ने अक्सर ही साउथ सिनेमा के लिए अपना प्यार रील्स के जरिए दिखाया है। आइकॉन स्टार अल्लू अर्जुन की मेगा-ब्लॉकबस्टर 'पुष्पा' पर डेविड वॉर्नर की रील्स उस समय से ही चर्चा का विषय बनी हुई हैं। उनकी प्रशंसा से प्रभावित होकर, कई प्रशंसकों ने कहा कि डेविड को टॉलीवुड में अभिनय करना चाहिए। आखिरकार, अब डेविड वार्नर के प्रशंसकों का सपना सच होने वाला है क्योंकि वह साउथ अभिनेता नितिन की एडवेंचरस कॉमेडी एंटरटेनर 'रॉबिनहुड' के साथ भारतीय सिनेमा में डेब्यू करने जा रहे हैं। 'रॉबिनहुड' के निर्माता रवि शंकर ने किंग्स्टन के प्रमोशनल इवेंट में इस खबर की आधिकारिक घोषणा की। निर्माता ने बताया कि वार्नर ने वेंकी कुदुमुला के निर्देशन में बनी इस फिल्म में कैमियो किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वार्नर को शूटिंग के हर दिन के लिए 1 करोड़ रुपये ऑफर किए गए थे। फिल्म रॉबिनहुड में साउथ अभिनेता नितिन के अलावा श्रीलीला की मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 28 मार्च, 2025 को रिलीज होगी।

## टॉलीवुड

### घर पर बेहोश मिलीं गायिका कल्पना दरवाजा तोड़कर निकाला गया बाहर

तेलुगु की बेहतरीन गायक कल्पना राघवेंद्र तेलंगाना के रंगारेड्डी में अपने घर पर बेहोशी की हालत में पड़ी मिलीं। 44 साल की गायिका को आनन फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत अभी स्थिर है



और उनका इलाज चल रहा है। अफसरों के मुताबिक पुलिस स्टेशन को अपार्टमेंट कमेटी की तरफ से शाम 5 बजे एक कॉल आया। जब वह कल्पना के घर पर आए तो उनके घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। किचन की खिड़की से देखने पर पता चला कि गायिका अपने बेड पर बेहोश पड़ी हैं।

पुलिस और चिकित्सा कर्मियों ने एम्बुलेंस के जरिए कल्पना को होलिस्टिक अस्पताल में भर्ती कराया। शाम 6 बजे के करीब उनके पति भी अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों के मुताबिक गायिका की हालत अभी ठीक है। उनका बराबर इलाज चल रहा है और दवाएं दी जा रही हैं। इस बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं मिली है।


गायिका की सिक्योरिटी के मुताबिक उनका घर दो दिनों से खुला नहीं था। इसके बाद एसोसिएशन के सदस्यों को खबर दी गई थी।। रेजिडेंट्स एसोसिएशन ने कल्पना के बारे मे पुलिस को जानकारी दी।

कल्पना राघवेंद्र ने भारतीय संगीत इंडस्ट्री को कई सालों से कई भाषाओं में बहुत सारे बेहतरीन गाने दिए हैं। साउथ म्यूजिक इंडस्ट्री में उनका बड़ा नाम है। उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्लेबैक सिंगर के लिए 'तमिलनाडु स्टेट फिल्म अवॉर्ड' से नवाजा जा चुका है। कल्पना ने पांच साल की उम्र से ही गाना गाना शुरू किया था। उन्होंने 1500 से ज्यादा गाने गाए हैं। कल्पना गायिका होने के साथ म्यूजिक कंपोजर हैं और गाने भी लिखती हैं। कल्पना राघवेंद्र के पिता टी.एस. राघवेंद्र भी एक प्लेबैक सिंगर थे।

## भोजपुरी

### 'मां की लाडली' धमाल मचाने के लिए तैयार, जय संग दिखेगी धांसू केमिस्ट्री

भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार जय यादव और सुपरहिट अदाकारा आम्रपाली दुबे की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मां की लाडली' की शूटिंग पूरी हो चुकी है। अब यह फिल्म



पोस्ट-प्रोडक्शन फेज में है और जल्द ही इसका ट्रेलर दर्शकों के सामने पेश किया जाएगा। फिल्म 'मां की लाडली' एक पारिवारिक और भावनात्मक कहानी पर आधारित है, जिसमें मां और बेटी के रिश्ते की अनकही दास्तां को खूबसूरती से पर्दे पर उतारा गया है। यह फिल्म दर्शकों के दिलों को छूने के लिए पूरी तरह तैयार है। इसको लेकर आम्रपाली दुबे ने अपनी भावनाएं शेयर कीं। उन्होंने कहा, 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है, क्योंकि इसकी कहानी में मां-बेटी के रिश्ते की गहराई और संघर्ष को खूबसूरती से दर्शाया गया है। इस तरह की कहानियां बहुत कम देखने को मिलती हैं, और मुझे खुशी है कि मैं इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनी।' उन्होंने आगे कहा, 'फिल्म की शूटिंग के दौरान मैंने कई इमोशनल सीन किए, जो मेरे लिए बेहद चुनौतीपूर्ण थे। लेकिन पूरी टीम ने इसे बेहतरीन तरीके से फिल्माया है। मुझे यकीन है कि जब दर्शक इसे देखेंगे, तो वे इस कहानी से खुद को जुड़ा हुआ महसूस करेंगे।' आम्रपाली ने निर्देशक रवि सिन्हा और पूरी टीम की तारीफ करते हुए कहा, 'हमारी पूरी टीम ने फिल्म को बेस्ट बनाने के लिए कड़ी मेहनत की है।

# लाइफ स्टाइल

## ट्यूलिप का 'सिलसिला'



नीदरलैंड में इन दिनों ट्यूलिप के फूलों की बहार है। भारत में ट्यूलिप से शानदार परिचय यश चोपाड़ा ने अपनी फिल्म 'सिलसिला' के जरिए करवाया था। नीदरलैंड में लाखों ट्यूलिप से भरे वसंत के मौसम में खेत अलग ही छटा बिखेरते हैं। इस बीच एक मॉडल इन फूलों के रंगीन गलीचों के बीच घंटों साइकिल चलाने के लिए प्रेरित करते नजर आ रही है।

## हाथों की ड्राईनेस खत्म करने के लिए आजमाएं घरेलू नुस्खे

एँमहिलाओं के हाथ ड्राई होने के कई सारे कारण हैं। कपड़ें धोने के दौरान डिटर्जेंट पाउडर, बर्तन धोते समय साबुन का इस्तेमाल साथ ही कई सारे और भी कारण हैं जिनकी वजह से हाथों की स्किन ड्राई हो जाती है। हाथों की ड्राईनेस से निजात पाने के लिए महिलाएं कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं जो काफी महंगे होते हैं लेकिन अब सस्ते में ही हाथों की ड्राईनेस को खत्म किया जा सकता है। हाथों की ड्राईनेस कैसे खत्म हो इस बारे में हमने ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से बात की जिन्होंने हमें हाथों की ड्राईनेस खत्म करने के लिए कुछ घरेलू नुस्खे बताए हैं जिनका इस्तेमाल से हाथों की ड्राईनेस खत्म हो जाएगी।

### इन नुस्खों का करें इस्तेमाल

ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू माहेश्वरी से हमने पूछा कि किन घरेलू नुस्खों के जरिए हाथों की ड्राईनेस को खत्म किया जा सकता हैं तब एक्सपर्ट ने हमें कई सारी चीजों के बारे में बताया जिनकी मदद से हाथों की ड्राईनेस खत्म हो सकती है एक्सपर्ट ने बताया कि शहद, बादाम का तेल, गिल्सरिन, वैसलीन का इस्तेमाल हाथों को ड्राईनेस खत्म करने के लिए किया जा सकता है। एक्सपर्ट द्वारा बताई गयी चीजों में कई सारे गुण होते हैं तो त्वचा के लिए काफी फायदेमंद हैं साथ ही ये सभी चीजें हाथों की ड्राईनेस भी खत्म करने के काम आते हैं। इसी के साथ एक्सपर्ट ने बताया कि इन चीजों का इस्तेमाल कैसे करें।




### इस तरह से करें इन चीजों का इस्तेमाल

एक्सपर्ट ने बताया कि शहद के साथ 1 चम्मच गिल्सरिन, 1/2 चम्मच नींबू का रस मिक्स करके ले साथ ही इसमें गुलाब जल भी मिक्स कर लें। इसी के साथ इसमें विटामिन ई कैप्सूल और गिल्सरिन मिलाकर इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं एक्सपर्ट ने ये भी जानकारी दी कि बादाम का तेल के साथ वैसलीन का इस्तेमाल करके हाथों की ड्राईनेस को खत्म किया जा सकता है।

## पुरानी टीशर्ट में भी दिखेंगे स्टाइलिश और मिलेगा नया लुक, अपनाएं ये फैशन टिप्स



गर्मियों के मौसम में आरामदायक और सहज लुक के लिए टी-शर्ट बेहतर विकल्प है। लड़कों से लेकर लड़कियां तक टी शर्ट पहनना पसंद करते हैं। लड़कियां तो जींस, पैंट या स्कर्ट के साथ टी शर्ट को कैरी करती हैं। बाजार में टी शर्ट के कई स्टाइल उपलब्ध होते हैं। महिलाएं स्लीवलेस, क्रॉप या प्रिंटेड टी शर्ट्स कैरी कर सकती हैं। आजकल ओवरसाइज टी शर्ट का भी काफी ट्रेंड है। कूल और कंफर्टेबल लुक के लिए लड़कियां ओवरसाइज टीशर्ट खरीदती हैं या फिर अपने पिता व भाई की टी शर्ट को स्टाइलिश तरीके से कैरी करती हैं। अगर आप भी टी शर्ट पहनना पसंद करते हैं तो हो सकता है कि आपके पास टी शर्ट का बड़ा कलेक्शन हो। पहले से ही काफी टी शर्ट होने के कारण आपके वॉर्डरोब में नई टी शर्ट के लिए जगह नहीं है, लेकिन पुरानी टी शर्ट आप पहनना नहीं चाहते हैं। ऐसे में पुरानी टी शर्ट को नए तरीके से कैरी करने के लिए कुछ फैशन टिप्स को अपना सकते हैं।



### ऑफ शोल्डर लुक

अगर आपके पास एक्स्ट्रा ओवरसाइज टी शर्ट हो या लॉन्ग ओवर साइज टी शर्ट हो तो उससे ऑफ शोल्डर लुक रिक्रिएट कर सकते हैं। टी-शर्ट के गले को ऑफ शोल्डर डिजाइन का बना लें। इसके अलावा लॉन्ग टी-शर्ट को कॉर्सेट बेल्ट के साथ स्टाइल कर सकते हैं।

### ड्रेस स्टाइल

ओवरसाइज टी शर्ट को आप शॉर्ट ड्रेस की तरह स्टाइल कर सकते हैं। टी-शर्ट ड्रेस को बेल्ट के साथ स्टाइल कर सकते हैं। बूट्स व बोहो ज्वेलरी के साथ लुक को पूरा करें। ड्रेस स्टाइल टी शर्ट को ब्लेजर के साथ पहन सकते हैं।

### नॉट स्टाइल

आप चाहें तो अपनी टी शर्ट को नॉट स्टाइल में कैरी कर सकती हैं। टी शर्ट में साइट नॉट दे सकती हैं। इससे यूनिक लुक मिलेगा और स्टाइल भी काफी फंकी से हो जाएगा। हाई वेस्ट जींस के साथ इस तरह के लुक को अपना सकती हैं। ओवरसाइज टी शर्ट को जींस या ट्राउजर के साथ टक करके पहन सकती है। इससे लुक कैजुअल और स्टाइलिश दिखता है। ओवरसाइज टी शर्ट को क्रॉप टी शर्ट बनवाकर पहन सकते हैं।


## साड़ी से लेकर शरारा तक के साथ खूब जचेंगे पैनल वाले ब्लाउज के डिजाइंस

स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको बॉडी शेप और लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से ही ब्लाउज का डिजाइन चुनना चाहिए। शरारा से लेकर साड़ी तक के साथ ब्लाउज के कई डिजाइंस रेडीमेड तथा फैब्रिक लेकर बनवाने के लिए आसानी से मिल जाएंगे। बदलते दौर में आजकल हम सभी स्टाइलिश और मॉडर्न ही दिखना पसंद करते हैं।

मॉडर्न लुक की बात करें तो आजकल पैनल वाले ब्लाउज को काफी पसंद किया जा रहा है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं पैनल स्टाइल ब्लाउज के लेटेस्ट डिजाइंस और बताएंगे इन ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देने के आसान टिप्स-

### कैसे दें ब्लाउज की स्लीव्स को डिजाइनर लुक?

आजकल स्टाइलिश लुक पाने के लिए स्लीव्स में भी आपको कई तरीके के डिजाइंस आसानी से मिल जाएंगे। वहीं इस बीच आजकल हैंगिंग स्लीव्स को काफी पसंद किया जा रहा है। इस तरह की स्लीव्स को बनवाने के लिए आप वर्क वाले फैब्रिक का इस्तेमाल कर



सकती हैं। वहीं हैवी लुक के लिए स्लीव्स में टैसल्स लगवा सकती हैं।

### जैकेट की तरह ब्लाउज को कैसे करें स्टाइल?

अगर आप एक ही ब्लाउज को अलग-अलग तरीके से स्टाइल करना चाहती हैं तो इस तरीके के पैनल वाले ब्लाउज को पहन सकती हैं। पैनल के लिए आप इस तरह से स्लीवलेस ब्लाउज के साथ में कढ़ाई वर्क वाली जैकेट को पहन सकती हैं।

## वेस्टर्न ड्रेस के साथ पहन सकती हैं ये डिजाइनर चूड़ी

वेस्टर्न ऑउटफिट के साथ किस तरह की चूड़ी पहनें इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं तो आप आर्टिकल से आईडिया ले सकती हैं। वेस्टर्न आउटफिट पहनने के दौरान लड़कियां इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड रहती हैं इस ऑउटफिट के हाथ में क्या पहने। जहां कई लड़कियां वेस्टर्न आउटफिट के साथ हाथ में घड़ी पहन लेती हैं तो वहीं कुछ लड़कियां अपने दोस्तों से राय मांगती है कि वो वेस्टर्न आउटफिट कैरी कर रही हैं लेकीन इस ऑउटफिट के साथ हाथ में क्या पहने जिससे उनका लुक बेहतरीन नजर आए। वहीं अगर आप भी इस तरह की समस्या में फंसी हुई तो इस आर्टिकल में हम आपको



कुछ चूड़ी के डिजाइन के बारे बताने जा रहे हैं जिन्हें आप वेस्टर्न आउटफिट के साथ पहन सकती हैं।

**गोल्डन बैंगल्स** : जहां गोल्डन बैंगल्स कई तरह के आउटफिट के साथ पहन सकते हैं। तो वहीं वेस्टर्न आउटफिट के साथ भी आप इस तरह के गोल्डन बैंगल्स पहनें जा सकते हैं। मार्किट में कई तरह की गोल्डन बैंगल्स के डिजाइन आपको मिल जाएंगे जिन्हें आप वेस्टर्न आउटफिट के साथ कैरी कर सकती हैं। मार्किट में आप अपने आउटफिट के हिसाब से गोल्डन बैंगल्स ले सकती हैं। ये गोल्डन बैंगल्स आपको बाजार में कई सारे आप्शन के साथ काफी कम दाम में मिल जायेंगे।

**अफगानी बैंगल्स:** अफगानी बैंगल्स भी वेस्टर्न ड्रेस के साथ पहन सकते हैं। ये बैंगल्स काफी ट्रेंड में हैं। इस तरह की बैंगल्स जहां देखने में बहुत ही खूबसूरत लगते हैं तो वहीं वेस्टर्न आउटफिट के साथ भी इस तरह की बैंगल्स अट्रैक्टिव लुक देंगे।

## कार्नर न्यूज

### एसेसरीज पहनने का भी होता है एक तरीका, पाइए इन टिप्स से परफेक्ट लुक

## त्यौहारों और शादियों के मौसम में मेंस फैशन में एसेसरीज की भरमार, मौके पर पहनें जरा सलीके से

पुरुषों के लिए ढेरों फैशनेबल एसेसरीज अब मार्केट में हैं। पुरुष भी कपड़ों के साथ एसेसरीज के कलेक्शन से अपने लुक को संवारने की पूरी कोशिश करते हैं। जब ऐसा है तो यह जरूरी है कि एसेसरीज पहनने और इससे जुड़े टिप्स जान लिए जाएं, ताकि आप खुद का बेस्ट लुक देख पाएं। आप इस तरह खुद को आत्मविश्वास से लबरेज पाएंगे और अपने लुक को लेकर भी 'नो टेंशन' फील करेंगे। इसलिए आपके पास जितनी भी एसेसरीज हैं, उनको अब इन टिप्स के साथ पहनना आपके काम आने वाला है।



### कम में ज्यादा का मजा

एसेसरीज आपके कपड़ों का लुक बेहतर करने का एक साधन है। लेकिन अच्छे लुक के लिए एसेसरीज ज्यादा होना नहीं बल्कि इनका सही चुनाव जरूरी होता है। दरअसल कई लोग एसेसरीज अच्छी लगते ही इन्हें इतना ज्यादा पहन लेते हैं कि सबकुछ ज्यादा-ज्यादा लगने लगता है।

कई पुरुष तो हाथों में अंगूठी ही बहुत सारी पहन लेते हैं। जबकि एसेसरीज के साथ सिंपल और वाला लुक आना चाहिए। इसलिए कम से कम में ज्यादा से ज्यादा अच्छा लुक पाने के लिए एसेसरीज कम पर अच्छी पहनें।

### मौके के हिसाब से एसेसरीज



ज्यादातर बार पुरुष एसेसरीज ऐसी खरीदते हैं जो हर मौके पर चल जाए। लेकिन ये सही नहीं है आपको अलग मौकों के हिसाब से अलग एसेसरीज पहननी होती है। तब ही इसका लुक अच्छा आता है। जैसे फंकी लुक वाली घड़ी फॉर्मल कपड़ों पर बिल्कुल अच्छी नहीं लगती है।

### कपड़ों का रंग, एसेसरीज का रंग

एसेसरीज पहनने के लिए आपको कपड़ों के रंग पर भी ध्यान देना होगा। आपको कपड़ों के रंग के हिसाब से एसेसरीज का रंग भी चुनना होगा। इसके लिए जरूरी है कि आप कलर स्कीम को समझ लीजिए। जैसे आप गोल्ड एसेसरीज को जींस के साथ नहीं पहन सकते हैं। या फॉर्मल सूट के साथ चमकते रंग वाला चश्मा बिल्कुल भी नहीं पहना जा सकता है। आपको रंगों को थोड़ा आपस में मैच करना होगा जैसे बेल्ट, टाई और घड़ी की स्ट्रेप का कलर एक जैसा होना चाहिए।